www.summerexpress.in

# समर एक्सप्रेस

द SUMMER न्यूज़

सूर्योदय सुबह 7:10 बजे
सूर्यास्त शाम 6:05 बजे

R.N.I NO. CHMUL/25/A1155

• साल-1 • अंक-155 • पृष्ठ-8 • मूल्य-5 रूपये • सोमवार 9 फरवरी 2026 • चंडीगढ़ • पंजाब • हरियाणा • हिमाचल • ग्रुप एडिटर : अर्शदीप सिंह समर • एग्जीक्यूटिव एडिटर : चंदन स्वप्निल

## न्यूज़ ब्रीफ

### दरगाह में गीजर फटने से मौत

**नई दिल्ली** | दिल्ली हजरत निजामुद्दीन दरगाह के सज्जादानशीन सैयद मोहम्मद निजामी की बाथरूम में गीजर फटने से आग लगने के कारण मौत हो गई। स्थानीय लोग और दरगाह प्रशासन तुरंत मौके पर पहुंचे और राहत कार्य शुरू किया। पुलिस और फायर ब्रिगेड ने जांच शुरू कर दी है। शुरुआती जानकारी के अनुसार, हादसा तकनीकी खराबी के कारण हुआ।

### सिक्किम में भूकंप कोई नुकसान नहीं

**मानेबंग** | सिक्किम के मानेबंग क्षेत्र से 11 किमी दूर शनिवार शाम 4.7 तीव्रता का भूकंप आया। भारत मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार झटके शाम 6:35 बजे महसूस किए गए। सिक्किम आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने बताया कि किसी के घायल होने या संपत्ति के नुकसान की कोई सूचना नहीं है। भूकंप के झटके गंगटोक के साथ-साथ बांग्लादेश, नेपाल, भूटान और चीन के कुछ हिस्सों में भी महसूस किए गए।

### ब्रैंडन गिल के बयान से विवाद

**टेक्सास** | अमेरिका के टेक्सास राज्य से रिपब्लिकन सांसद ब्रैंडन गिल के एक बयान ने सियासी और सामाजिक बहस छेड़ दी है। एक टीवी इंटरव्यू में गिल ने दावा किया कि डलास और आसपास के इलाकों में कथित "इस्लामीकरण" को लेकर कई मतदाता असहज महसूस कर रहे हैं। उन्होंने जनसांख्यिकीय बदलावों और अत्यधिक प्रवासन पर चिंता जताई। गिल के इस बयान के बाद आलोचकों ने इसे विभाजनकारी करार दिया, जबकि समर्थकों ने उनके विचारों का समर्थन किया।

### विपक्ष के आरोप बेबुनियादः शिवराज

**नई दिल्ली** | केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को लेकर विपक्ष के आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए कहा है कि यह समझौता पूरी तरह से किसानों के हितों की रक्षा करता है। भोपाल में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान उन्होंने स्पष्ट किया कि समझौते में ऐसा कोई भी कृषि उत्पाद शामिल नहीं है, जिससे भारतीय किसानों को नुकसान पहुंचे।

## सिटीजन रिपोर्टर

*अब आप भी बन सकते हैं समर एक्सप्रेस के सिटीजन रिपोर्टर। अपने इलाके की कोई भी समस्या, आयोजन, जानकारी या खबर हमें भेजें। आपके नाम के साथ प्रकाशित की जाएगी। अपनी खबर इस फोन नंबर 7986630191 या ईमेल infosummerexpress@gmail.com पर भेजें।*

### रक्षा, सेमीकंडक्टर और डिजिटल सहयोग को नई गति

# आतंकवाद पर कोई समझौता नहीं: मोदी भारत-मलेशिया सहयोग होगा और मजबूत

**एजेंसी | कुआलालंपुर**

भारत और मलेशिया के रिश्तों में एक बार फिर नई ऊर्जा देखने को मिली है। कुआलालंपुर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मलेशियाई प्रधानमंत्री अनवर इब्राहीम के बीच हुई उच्चस्तरीय बातचीत के बाद दोनों देशों ने रक्षा, सुरक्षा, सेमीकंडक्टर, व्यापार और डिजिटल तकनीक जैसे अहम क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर सहमति जताई।

वार्ता के बाद पीएम मोदी ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि आतंकवाद को लेकर भारत का रुख पूरी तरह साफ है न तो किसी तरह का दोहरा मानदंड होगा और न ही कोई समझौता। उन्होंने कहा कि भारत और मलेशिया समुद्री पड़ोसी हैं और ऐतिहासिक, सांस्कृतिक तथा लोगों के आपसी जुड़ाव ने दोनों देशों के संबंधों को मजबूत आधार दिया है।

**कुआलालंपुर में भव्य स्वागत, पीएम इब्राहिम ने एयरपोर्ट पर किया रिसीव**

प्रधानमंत्री मोदी के दो दिवसीय दौरे के दौरान कुआलालंपुर पहुंचने पर उनका औपचारिक और भव्य स्वागत किया गया। एयरपोर्ट पर स्वयं प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम उन्हें रिसीव करने पहुंचे, जिसे दोनों देशों के बढ़ते विश्वास का प्रतीक माना जा रहा है। इसके बाद परदाना पुत्रा में गार्ड ऑफ ऑनर के साथ उनका औपचारिक अभिनंदन किया गया।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मलेशियाई प्रधानमंत्री अनवर इब्राहीम।

पीएम मोदी ने स्वागत के लिए धन्यवाद देते हुए कहा कि बीते वर्षों में भारत-मलेशिया संबंधों ने जिस गति और गहराई को हासिल किया है, वह प्रेरणादायक है। उन्होंने इस प्रगति के लिए प्रधानमंत्री इब्राहिम के योगदान की भी सराहना की।

**आतंकवाद के खिलाफ साझा मोर्चा, समुद्री सुरक्षा पर जोर**

बैठक में सुरक्षा और रणनीतिक सहयोग प्रमुख मुद्दा रहा। पीएम मोदी ने कहा कि दोनों देश आतंकवाद से निपटने, खुफिया जानकारी साझा करने और समुद्री सुरक्षा को मजबूत करने के लिए मिलकर काम करेंगे।

### 'पीपल-टू-पीपल टाई' असली ताकत

*प्रधानमंत्री मोदी ने दोनों देशों के संबंधों की सबसे बड़ी शक्ति लोगों के आपसी जुड़ाव को बताया। उन्होंने कहा कि मलेशिया में रहने वाले करीब 30 लाख भारतीय मूल के नागरिक दोनों देशों के बीच मजबूत पुल का काम करते हैं। उन्होंने प्रवासी समुदाय से मुलाकात का जिक्र करते हुए कहा कि उनके मन में मलेशिया और उसके नेतृत्व के प्रति गहरा सम्मान देखना उनके लिए गर्व का विषय रहा।*

### इंडो-पैसिफिक और आसियान पर सहमति

*इंडो-पैसिफिक क्षेत्र पर बात करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि यह इलाका वैश्विक विकास का नया केंद्र बनता जा रहा है और भारत पूरे क्षेत्र में शांति, स्थिरता और समृद्धि के लिए आसियान देशों के साथ मिलकर काम करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि मलेशिया के सहयोग से आसियान के साथ भारत के रिश्ते और मजबूत होंगे। वहीं, प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम ने भी व्यापार, निवेश, कनेक्टिविटी और रक्षा क्षेत्र में द्विपक्षीय सहयोग को आगे बढ़ाने की प्रतिबद्धता दोहराई।*

इसके साथ-साथ रक्षा सहयोग को और व्यापक बनाने पर भी सहमति बनी। उन्होंने बताया कि आने वाले समय में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डिजिटल टेक्नोलॉजी, सेमीकंडक्टर, स्वास्थ्य, खाद्य सुरक्षा, क्लीन एनर्जी, कृषि और मैन्युफैक्चरिंग जैसे क्षेत्रों में साझेदारी को नई दिशा दी जाएगी।

**'रिश्तों को नई ऊंचाइयों तक ले जाने का संकल्प**

दौरे के समापन पर पीएम मोदी ने कहा कि उनकी यात्रा का मूल संदेश पूरी तरह स्पष्ट है भारत मलेशिया के साथ मिलकर अपने रिश्तों को नई ऊंचाइयों तक ले जाना चाहता है और हर संभव क्षेत्र में सहयोग को और मजबूत करेगा।

## फ्रांस से 114 फाइटर जेट की खरीद को मिल सकती है मंजूरी

**समर न्यूज़ | नई दिल्ली**

भारत और फ्रांस के बीच रक्षा सहयोग एक बार फिर सुर्खियों में है। रक्षा मंत्रालय के शीर्ष निर्णय निकाय डिफेंस एक्विजिशन काउंसिल की आगामी बैठक में भारतीय वायुसेना के लिए 114 राफेल लड़ाकू विमानों की खरीद को सैद्धांतिक मंजूरी मिलने की संभावना जताई जा रही है। यह बैठक फरवरी के दूसरे सप्ताह में प्रस्तावित है, ठीक उसी समय जब फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के भारत दौरे की उम्मीद है। सूत्रों के मुताबिक, इस प्रस्ताव को सबसे पहले डीएसी के समक्ष 'आवश्यकता की स्वीकृति' के लिए रखा जाएगा। मंजूरी मिलने की स्थिति में करीब 3.25 लाख करोड़ रुपये के इस सौदे को औपचारिक रूप देने की दिशा में बड़ा कदम माना जाएगा। प्रस्तावित डील के तहत 114 राफेल फाइटर जेट खरीदे जाएंगे, जिनमें से लगभग 18 विमान फ्रांस से सीधे आपूर्ति किए जाएंगे, जबकि शेष विमानों का निर्माण भारत में किया जाएगा। करीब 80 प्रतिशत विमानों के स्वदेशी निर्माण से 'मेक इन इंडिया' और घरेलू रक्षा उद्योग को बड़ा प्रोत्साहन मिलने की उम्मीद है। यदि सौदा अंतिम रूप लेता है तो भारतीय वायुसेना को 88 सिंगल-सीटर और 26 ट्विन-सीटर राफेल जेट मिलेंगे। यह फैसला वायुसेना की घटती स्क्वाड्रन संख्या और चीन-पाकिस्तान से जुड़ी क्षेत्रीय चुनौतियों के संदर्भ में रणनीतिक रूप से बेहद अहम माना जा रहा है।

## बांग्लादेश में चुनावी माहौल के बीच हिंदू नेता की हिरासत में मौत, सरकार पर उठे सवाल

**एजेंसी | ढाका**

बांग्लादेश में 12 फरवरी 2026 को प्रस्तावित आम चुनाव से पहले अल्पसंख्यक समुदाय की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ती जा रही है। इसी बीच पूर्व मंत्री और सत्तारूढ़ दल अवामी लीग के वरिष्ठ नेता रमेश चंद्रा सेन की पुलिस हिरासत में मौत ने राजनीतिक हलकों में हलचल मचा दी है। 83 वर्षीय सेन की शनिवार को दिनाजपुर जिला जेल में तबीयत बिगड़ने के बाद अस्पताल ले जाते समय मौत हो गई।

विपक्षी दलों और मानवाधिकार संगठनों ने इस घटना को लेकर हिरासत में लापरवाही, राजनीतिक उत्पीड़न और लक्षित कार्रवाई जैसे गंभीर आरोप लगाए हैं।

**अचानक बिगड़ी तबीयत, अस्पताल में घोषित किया मृत**

मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक, शनिवार सुबह करीब नौ बजे सेन की हालत अचानक खराब हो गई, जिसके बाद उन्हें दिनाजपुर जिला जेल से मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचाया गया। वहां इमरजेंसी वार्ड के डॉक्टरों ने सुबह 9:29 बजे उन्हें मृत घोषित कर दिया। जेल प्रशासन का कहना है कि सेन लंबे समय से अस्वस्थ थे और स्थिति बिगड़ते ही उन्हें





तुरंत अस्पताल भेजा गया। जेल अधीक्षक ने बताया कि सभी कानूनी औपचारिकताओं के बाद शव परिजनों को सौंप दिया जाएगा। हालांकि, विपक्षी दल इन दलीलों को अपर्याप्त बता रहे हैं।

**2024 में हुई थी गिरफ्तारी, कई मुकदमे थे लंबित**

रमेश चंद्र सेन को अगस्त 2024 में ठाकुरगांव से गिरफ्तार किया गया था और बाद में दिनाजपुर जिला जेल भेजा गया। उन पर तीन अलग-अलग मामलों में मुकदमे चल रहे थे, जिनमें एक हत्या से जुड़ा आरोप भी शामिल था।

**अंतरिम सरकार पर विपक्ष के आरोप**

आवामी लीग ने मोहम्मद युनूस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। पार्टी ने सोशल मीडिया मंच X पर कहा कि राज्य राजनीतिक विरोधियों को खत्म करने के लिए जेलों का इस्तेमाल कर रहा है और सेन को पर्याप्त चिकित्सकीय सुविधा नहीं दी गई।

आवामी लीग ने यह भी सवाल उठाया कि गिरफ्तारी के बाद कथित तौर पर प्रताड़ना, इलाज में देरी और अचानक मौत ये सभी घटनाक्रम गंभीर संदेह पैदा करते हैं।

**छात्र संगठन ने भी जताई आपत्ति**

इसी क्रम में बांग्लादेश छात्र लीग के अध्यक्ष सद्दाम हुसैन ने आरोप लगाया कि सेन को जानबूझकर जमानत और प्राथमिक चिकित्सा सुविधा से वंचित रखा गया। उन्होंने इसे राजनीतिक प्रतिशोध करार दिया। सोशल मीडिया पर भी इस मौत को लेकर तीखी प्रतिक्रियाएं सामने आई हैं, जहां कई लोग पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग कर रहे हैं।

## फोर्ड की भारत में वापसी, चेन्नई प्लांट जून में होगा चालू

### घरेलू बिक्री से हटने के बाद अब निर्यात पर फोकस, 600 नौकरियों की उम्मीद

**एजेंसी | चेन्नई**

पिछले कुछ वर्षों में भारत को लेकर फोर्ड की रणनीति में बड़े बदलाव देखने को मिले हैं। सितंबर 2021 में कंपनी ने लगातार हो रहे घाटों के चलते देश में वाहन निर्माण और बिक्री बंद करने का फैसला किया था, जिससे इको स्पोर्ट, एनडीवर और फीगो जैसे लोकप्रिय मॉडल्स का उत्पादन रुक गया था। हालांकि, उस समय भी फोर्ड ने संकेत दिए थे कि वैश्विक स्तर पर भारत उसकी योजनाओं का अहम हिस्सा बना रहेगा। अब कुछ साल बाद





कंपनी की वही रणनीति दोबारा आकार लेती दिख रही है। ताजा रिपोर्ट्स के मुताबिक, फोर्ड चेन्नई के पास स्थित मारामलाई नगर प्लांट को फिर से शुरू करने की तैयारी कर रही है। यहां जून 2026 से प्रोडक्शन शुरू होने की संभावना है। हालांकि, यह यूनिट घरेलू बाजार के लिए नहीं बल्कि पूरी तरह निर्यात पर केंद्रित होगी। भविष्य में एवरेस्ट जैसे कुछ मॉडल्स के लिए इसी प्लांट से सप्लाई किए जाने की अटकलें भी लगाई जा रही हैं।

तमिलनाडु सरकार के साथ हुए मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग के बाद इस योजना को आगे बढ़ाया गया है। फोर्ड ने सितंबर 2024 में इसके लिए लेटर ऑफ इंटेंट भी जारी किया था। 2021 से बंद पड़े इस प्लांट को अब आधुनिक पावरट्रेन मैन्युफैक्चरिंग के अनुरूप अपग्रेड किया जाएगा। पूरी तरह संचालन शुरू होने के बाद यहां सालाना करीब 2.35 लाख इंजनों का उत्पादन संभव होगा।

प्लांट को फिर से चालू करने के लिए करीब 3,250 करोड़ रुपये के शुरुआती निवेश की योजना है, जिससे लगभग 600 नई नौकरियां पैदा होने की उम्मीद जताई जा रही है। इससे स्थानीय ऑटो-मैन्युफैक्चरिंग इकोसिस्टम को भी मजबूती मिलेगी। गौरतलब है कि भारत में बिक्री रोकने के बावजूद फोर्ड ने देश से अपना रिश्ता पूरी तरह खत्म नहीं किया था। गुजरात के साणंद प्लांट से कंपनी अब भी पावरट्रेन का निर्यात कर रही है, जिसे उसने टाटा मोटर्स से लीज पर लिया हुआ है।

### वैक्सीन रुकने से पाक पर दबाव बढ़ा

**इस्लामाबाद** | भारत से सस्ती वैक्सीन की आपूर्ति बाधित होने के बाद पाकिस्तान की स्वास्थ्य व्यवस्था और अर्थव्यवस्था पर अतिरिक्त दबाव बन गया है। पाकिस्तानी स्वास्थ्य मंत्री मुस्तफा कमाल ने कहा कि सीमा पर सैन्य तनाव के चलते भारत से वैक्सीन सप्लाई रुक गई, जिससे देश का वैक्सीन आयात खर्च आने वाले वर्षों में तीन गुना तक बढ़ सकता है। स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, फिलहाल पाकिस्तान का वार्षिक वैक्सीन आयात बिल लगभग 40 करोड़ डॉलर है, जो 2031 तक बढ़कर 1.2 अरब डॉलर तक पहुंच सकता है।

## रूस में हमले में 4 भारतीय छात्रों सहित 6 घायल

**एजेंसी | रूस**

रूस के बश्कोर्तोस्तान गणराज्य में उफा शहर स्थित स्टेट मेडिकल यूनिवर्सिटी के छात्रावास में शनिवार को चाकूबाजी की घटना में चार भारतीय छात्रों समेत कम से कम छह लोग घायल हो गए। हमले के बाद इलाके में अफरातफरी मच गई और घायलों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि एक किशोर छात्रावास में चाकू लेकर घुसा और वहां मौजूद छात्रों पर हमला कर दिया। रूस के आंतरिक मंत्रालय के अनुसार, आरोपी को काबू में करने की कोशिश के दौरान उसने दो पुलिस अधिकारियों पर भी हमला किया। गिरफ्तारी का विरोध करते हुए आरोपी ने खुद को भी गंभीर रूप से घायल कर लिया। आंतरिक मंत्रालय की प्रवक्ता मेजर जनरल इरीना वोल्क ने बताया कि 15 वर्षीय हमलावर ने गिरफ्तारी के दौरान हिंसक व्यवहार किया, जिसके बाद उसे गंभीर हालत में स्थानीय बाल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। भारत के दूतावास ने घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए पुष्टि की कि घायलों में चार भारतीय छात्र शामिल हैं। दूतावास ने कहा कि वह रूसी प्रशासन के संपर्क में है और कजान स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास के अधिकारी उफा रवाना हो चुके हैं ताकि घायलों को हर संभव मदद दी जा सके। रूसी संघीय स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक, घायलों में से एक की हालत गंभीर बनी हुई है जबकि तीन अन्य की स्थिति स्थिर बताई गई है। स्थानीय प्रशासन ने मामले की उच्चस्तरीय जांच के आदेश दे दिए हैं। इस बीच, टेलीग्राम चैनल 'बाजा' ने दावा किया है कि आरोपी एक प्रतिबंधित नव-नाजी संगठन से जुड़ा था। हालांकि, अधिकारियों की ओर से इस दावे की आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं की गई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, घटनास्थल पर खून फैला हुआ था और घायलों को एंबुलेंस के जरिए अस्पताल पहुंचाया गया।

**पेज 1 एंकर स्टोरी**

### दो साल में परीक्षा पास न करने पर कार्रवाई संभव

# सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद पंजाब में PSTET अनिवार्य

**समर न्यूज़ | नई दिल्ली**

पंजाब सरकार ने सरकारी स्कूलों में कार्यरत मास्टर कैडर शिक्षकों के लिए पंजाब स्टेट टीचर एलिजिबिलिटी टेस्ट पास करना अनिवार्य कर दिया है। यह फैसला सुप्रीम कोर्ट के हालिया निर्देशों के बाद लिया गया है। इसके साथ ही शिक्षा विभाग ने 14 सितंबर 2017 को जारी वह आदेश भी रद्द कर दिया है, जिसमें वर्ष 2010 से पहले नियुक्त शिक्षकों को टीईटी से छूट दी गई थी।

नई दिल्ली से जारी जानकारी के अनुसार, डायरेक्टर स्कूल शिक्षा (सेकेंडरी) पंजाब ने 6 फरवरी को नए निर्देश जारी किए हैं। अब मास्टर कैडर में नियुक्ति या पदोन्नति के लिए PSTET पास करना जरूरी होगा। यह निर्णय सुप्रीम कोर्ट द्वारा 1



सितंबर 2025 को दिए गए फैसले के आधार पर लिया गया है।

**दो वर्षों की मोहलत, नहीं तो विभागीय कार्रवाई**

शिक्षा विभाग ने स्पष्ट किया है कि जिन शिक्षकों की शेष सेवा अवधि पांच साल से अधिक है और जो पहले ही मास्टर कैडर में पदोन्नत हो चुके हैं, उन्हें दो वर्षों के भीतर PSTET-2 परीक्षा उत्तीर्ण करनी होगी। तय समय में परीक्षा न देने या असफल रहने की स्थिति में विभागीय कार्रवाई की जा सकती है।कार्रवाई के तहत पदोन्नति पर पुनर्विचार से लेकर अनिवार्य सेवानिवृत्ति तक का विकल्प खुल सकता है। हालांकि राहत देते हुए विभाग ने कहा है कि वर्ष 2025 में सेवानिवृत्त हो चुके शिक्षकों पर यह नियम लागू नहीं होगा।

**शिक्षक संगठनों में नाराजगी**

इस फैसले के बाद शिक्षक संगठनों में असंतोष देखा जा रहा है। यूनियनों का कहना है कि वर्षों से सेवा दे रहे शिक्षकों पर अचानक परीक्षा की बाध्यता थोपना उनके करियर को प्रभावित कर सकता है। उनका तर्क है कि अनुभव को भी योग्यता के रूप में मान्यता मिलनी चाहिए। वहीं शिक्षा विभाग ने साफ किया है कि सुप्रीम कोर्ट के आदेशों का पालन करना उसकी कानूनी जिम्मेदारी है और सभी पर समान मानक लागू करना जरूरी है, ताकि शिक्षा व्यवस्था की गुणवत्ता बनी रहे।

**पहले क्या था नियम**

पंजाब में पहली बार टीईटी वर्ष 2011 में आयोजित की गई थी। इससे पहले 2010 से पहले नियुक्त शिक्षकों को छूट दी गई थी, जिसे अब सुप्रीम कोर्ट के 2025 के फैसले के बाद वापस ले लिया गया है। नए आदेशों से आने वाले समय में राज्य की शिक्षा व्यवस्था और शिक्षक वर्ग दोनों पर बड़ा असर पड़ने की संभावना जताई जा रही है।

**शिक्षा की गुणवत्ता बताई वजह**

शिक्षा विभाग के अनुसार, अध्यापक पात्रता परीक्षा को अनिवार्य करने का मकसद शिक्षकों की शैक्षणिक और शिक्षण-पद्धति से जुड़ी योग्यता सुनिश्चित करना है, ताकि छात्रों को बेहतर शिक्षा मिल सके। यह कदम शिक्षा का अधिकार अधिनियम-2009 और नेशनल कौंसिल फॉर टीचर एजुकेशन (NCTE) के तय मानकों के अनुरूप बताया गया है।

सब पढ़ते हैं
हिंदी-पंजाबी
शोर से दूर-सिर्फ खबरें
समर एक्सप्रेस
ਸਮਰ ਐਕਸਪ੍ਰੈਸ
पत्रकार जो पूछते हैं
सवाल और मिलता है आपको जवाब
प्रिंट/डिजिटल/वेब

# तेज रफ्तार स्विफ्ट कार ने मोटरसाइकिल सवार को मारी टक्कर, दो सगे भाइयों की मौत

## नशे में धुत चालक ने सड़क क्रॉस कर रहे भाइयों को मारी टक्कर, सीसीटीवी में कैद हुआ हादसा

समर न्यूज़ | मानसा



हादसे में क्षतिग्रस्त कार।







- समर न्यूज़

मानसा में शनिवार रात एक सड़क हादसे में तेज रफ्तार स्विफ्ट कार ने बाइक सवार दो सगे भाइयों को कुचल दिया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों भाई करीब पांच फीट हवा में उछलकर सड़क पर जा गिरे और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। हादसे के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई और बड़ी संख्या में लोग घटनास्थल पर जमा हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। यह हादसा शनिवार रात करीब 9 बजे मानसा के तिकोनी चौक पर हुआ। मृतकों की पहचान वार्ड नंबर 26 निवासी गुरदीप सिंह (34) और उसके छोटे भाई हरदीप सिंह (30) के रूप में हुई है। दोनों भाई किसी निजी काम से बाजार जा रहे थे। जब वे सड़क पार कर रहे थे, तभी सामने से आ रही तेज रफ्तार स्विफ्ट कार ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कार की रफ्तार करीब 70 किलोमीटर प्रति घंटा थी। टक्कर लगते ही दोनों भाई हवा में उछलकर करीब पांच फीट दूर सड़क पर जा गिरे। इसके बाद कार डिवाइडर से टकराकर 360 डिग्री घूम गई, जिससे सड़क पर चिंगारियां निकलती दिखाई दीं। हादसे में बाइक के परखच्चे उड़ गए, जबकि कार भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।

स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को तुरंत सिविल अस्पताल मानसा ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। डॉक्टरों के मुताबिक, दोनों भाइयों की मौत अस्पताल पहुंचने से पहले ही हो चुकी थी।

पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए स्विफ्ट कार के चालक सुखविंदर सिंह को हिरासत में ले लिया और उसका मेडिकल परीक्षण करवाया गया। जांच में पुष्टि हुई कि चालक शराब के नशे में था। वहीं, कार में सवार उसका एक साथी हादसे के बाद मौके से फरार हो गया, जिसकी तलाश जारी है। थाना सिटी-2 के इंचार्ज गुरतेज सिंह ने बताया कि घटना का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है, जिसके आधार पर मामले की गहन जांच की जा रही है।

पुलिस के अनुसार, आरोपी चालक ने हादसे से कुछ समय पहले एक अन्य बाइक सवार को भी टक्कर मारी थी, जिसमें वह घायल हो गया। घायल का इलाज अस्पताल में चल रहा है।

हादसे ने परिवार को पूरी तरह तोड़ कर रख दिया है। गुरदीप सिंह शादीशुदा था और उसकी ढाई साल की एक बेटी है, जबकि हरदीप सिंह अविवाहित था। दोनों के पिता की पहले ही मृत्यु हो चुकी है। अब परिवार में केवल मां, गुरदीप की पत्नी और उसकी मासूम बेटी रह गई है। यह हादसा एक बार फिर तेज रफ्तार और नशे में ड्राइविंग के खतरनाक परिणामों की याद दिलाता है।

## गुजरातः 12वीं के छात्र ने क्लासरूम में महिला टीचर को थप्पड़ मारा

समर न्यूज़ | गुजरात

पंचमहल जिले के शेरा कस्बे के एस.जे. डेव हाई स्कूल में 12वीं का छात्र मोहम्मद खान अंसारी ने 24 जनवरी को क्लासरूम में महिला टीचर को थप्पड़ मारा और धक्का दिया। घटना उस समय हुई जब छात्र दूसरी प्रीलिम परीक्षा में देर से पहुंचा और टीचर ने देरी की वजह पूछी। CCTV फुटेज में देखा गया कि छात्र ने टीचर के साथ बहस के बाद यह कार्रवाई की।

वीडियो वायरल होने के बाद मामले में गुस्सा बढ़ा और 3 फरवरी को FIR दर्ज की गई। पुलिस ने बताया कि उसी दिन छात्र के पिता ने टीचर और स्कूल प्रिंसिपल से माफी मांगी थी। हालांकि, 27 जनवरी को छात्र अपने पिता और 15–20 अन्य लोगों के साथ स्कूल पहुंचा और टीचर को धमकाया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, जहां उसे जमानत मिल गई। पुलिस इंस्पेक्टर अंकुर चौधरी ने बताया कि मामले की जांच और घटनाक्रम का रिकंस्ट्रक्शन जारी है।

## हत्या मामले में दो भाइयों को उम्रकैद की सजा

### जज नीलम अरोड़ा की अदालत का बड़ा फैसला

समर न्यूज़ | मोगा

मोगा जिले में करीब तीन साल पुराने एक सनसनीखेज हत्या मामले में अदालत ने बड़ा फैसला सुनाया है। जिला सत्र न्यायाधीश नीलम अरोड़ा की अदालत ने युवक की हत्या कर उसके शव को ठिकाने लगाने के मामले में दो सगे भाइयों को उम्रकैद की सजा सुनाई है। इसके साथ ही अदालत ने दोनों दोषियों पर एक-एक लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया है।

जुर्माना अदा न करने की स्थिति में दोषियों को एक-एक साल की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी।

यह मामला 2 अप्रैल 2023 का है, जब थाना धर्मकोट पुलिस को मृतक रछपाल सिंह उर्फ साजन के पिता जगसीर सिंह ने शिकायत दी थी। शिकायत में उन्होंने बताया था कि गांव के ही तोता सिंह के बेटे गुरतेज सिंह उर्फ कद्दू और उसके भाई छिंदा सिंह ने साजिश के तहत उनके बेटे को घटना से एक रात पहले फोन कर अपने घर बुलाया था। इसके बाद रछपाल सिंह घर वापस नहीं लौटा।

घटना के अगले दिन पुलिस ने रछपाल सिंह का शव नजदीकी नहर से बरामद किया। शुरुआती जांच में हत्या की आशंका गहराने पर पुलिस ने गुरतेज सिंह उर्फ कद्दू और उसके भाई छिंदा सिंह के खिलाफ हत्या और शव को खुर्द-बुर्द करने सहित विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया था।

मामले की सुनवाई के दौरान पीड़ित पक्ष की ओर से सरकारी वकील एडवोकेट कुलदीप साहनी ने अदालत में ठोस सबूत और गवाह पेश किए। सभी तथ्यों और सबूतों को ध्यान में रखते हुए अदालत ने दोनों आरोपियों को दोषी करार दिया और उम्रकैद की सजा सुनाई।

अदालत के इस फैसले से पीड़ित परिवार को न्याय मिलने की उम्मीद जगी है, वहीं यह फैसला समाज में अपराध करने वालों के लिए सख्त संदेश माना जा रहा है।

## स्मार्टफोन खरीद में लापरवाही पर दो आईएएस निलंबित

### अदालती दखल के बाद खुली फाइल

समर न्यूज़ | चंडीगढ़

पंजाब सरकार ने बड़ा प्रशासनिक कदम उठाते हुए दो वरिष्ठ आईएएस अधिकारियों कमल किशोर यादव और जसप्रीत सिंह को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। सरकारी आदेशों में निलंबन के कारण स्पष्ट नहीं किए गए हैं, लेकिन सूत्रों के मुताबिक यह कार्रवाई आंगनवाड़ी कर्मियों को स्मार्टफोन उपलब्ध कराने में करीब छह साल की देरी से जुड़ी है, जो केंद्र सरकार की 'मिशन सक्षम आंगनवाड़ी' योजना के तहत खरीदे जाने थे। बताया जा रहा है कि चयनित वेंडर ने देरी को लेकर अदालत का रुख किया था, जिसके बाद मामला सरकार के संज्ञान में आया।

इसी प्रकरण से जुड़े दो अन्य आईएएस अधिकारियों का तबादला भी किया गया है, जिनमें सामाजिक सुरक्षा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव विकास प्रताप शामिल हैं। कमल किशोर यादव 2003 बैच के अधिकारी हैं और निलंबन से पहले उद्योग एवं वाणिज्य, निवेश प्रोत्साहन और सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के प्रशासनिक सचिव थे, जबकि 2014 बैच के जसप्रीत सिंह पंजाब सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी निगम लिमिटेड के प्रबंध निदेशक के रूप में कार्यरत थे। दोनों अधिकारियों को ऑल इंडिया सर्विसेज (अनुशासन एवं अपील) नियम, 1969 के तहत निलंबित किया गया है और निलंबन अवधि के दौरान चंडीगढ़ मुख्यालय में तैनात रखा गया है।

### कोटा में तीन मंजिला इमारत ढही

## दो लोगों की मौत, रेस्क्यू ऑपरेशन जारी

समर न्यूज़ | जयपुर/कोटा

राजस्थान के कोटा शहर में शनिवार रात एक बड़ा हादसा हो गया, जब तलवंडी इलाके में स्थित एक तीन मंजिला इमारत अचानक भरभराकर गिर गई।

इस हादसे में अब तक कम से कम दो लोगों की मौत की पुष्टि हुई है, जबकि कई अन्य लोगों के मलबे में फंसे होने की आशंका जताई जा रही है। घटना के समय इमारत में एक रेस्टोरेंट संचालित हो रहा था, जहां ग्राहक और कर्मचारी मौजूद थे।

इमारत गिरते ही इलाके में अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही पुलिस, प्रशासन और राहत-बचाव टीमें मौके पर पहुंचीं और तुरंत रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया। अब तक मलबे से पांच लोगों को सुरक्षित बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया गया है।

अधिकारियों के अनुसार कुल नौ से दस लोगों को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया है, जिनमें से चार की हालत गंभीर बताई जा रही है, जबकि कुछ अन्य निजी अस्पतालों में भर्ती हैं या प्राथमिक उपचार के बाद घर लौट गए हैं। घटनास्थल पर पहुंचे भाजपा विधायक संदीप शर्मा ने बताया कि प्राथमिक तौर पर हादसे का कारण पास की एक पुरानी इमारत को तोड़ा जाना हो सकता है, जिससे इस भवन की नींव प्रभावित हुई। हालांकि उन्होंने कहा कि जांच पूरी होने के बाद ही किसी नतीजे पर पहुंचा जा सकेगा। उन्होंने बताया कि अब तक करीब 10 लोगों को मलबे से निकाला जा चुका है और राहत कार्य लगातार जारी है। राज्य के मंत्री मदन दिलावर ने भी घटना को गंभीर बताते हुए कहा कि अब तक दो लोगों की मौत की सूचना है। उन्होंने कहा कि बचाव दल पूरी सतर्कता के साथ काम कर रहे हैं और किसी के मलबे में फंसे होने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता।

प्रशासन ने इलाके को घेर लिया है और भारी मशीनों की मदद से मलबा हटाने का काम किया जा रहा है। हादसे के कारणों की जांच के आदेश दे दिए गए हैं। फिलहाल राहत और बचाव कार्य प्राथमिकता पर चल रहा है।

## बिहार और आंध्र प्रदेश में फूड पॉइजनिंग की घटनाएं

समर न्यूज़ | बिहार

बिहार और आंध्र प्रदेश में फूड पॉइजनिंग की दो अलग-अलग घटनाओं में कम से कम 140 छात्र बीमार पड़ गए, जिससे प्रशासन में हड़कंप मच गया। दोनों राज्यों में बच्चों को अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा और मामले की जांच के आदेश दिए गए हैं। बिहार के मधेपुरा जिले के सहूगढ़ गांव स्थित अपग्रेडेड मिडिल स्कूल, करू टोला में मिड-डे मील खाने के बाद करीब 70 छात्र अचानक बीमार हो गए। भोजन करने के कुछ ही देर बाद बच्चों को उल्टी, पेट दर्द और बेचैनी की शिकायत होने लगी। देखते ही देखते कई अन्य छात्रों की भी तबीयत बिगड़ गई, जिससे स्कूल परिसर में अफरा-तफरी मच गई। सभी प्रभावित बच्चों को सदर अस्पताल ले जाया गया, जहां अधिकांश की हालत स्थिर बताई जा रही है, जबकि एक छात्रा की स्थिति गंभीर बनी हुई है। स्थानीय लोगों ने आशंका जताई है कि भोजन में छिपकली गिर गई होगी। मिड-डे मील की आपूर्ति एक स्वयंसेवी संस्था द्वारा की जाती है। घटना की सूचना मिलते ही शिक्षा और स्वास्थ्य विभाग सक्रिय हो गए। जिला शिक्षा अधिकारी संजय कुमार ने अस्पताल पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और जांच के आदेश दिए। उधर, आंध्र प्रदेश के पोलावरम जिले के देवरा पल्ली गांव स्थित एक आदिवासी बालक आश्रम स्कूल में भी फूड पॉइजनिंग की घटना सामने आई। हॉस्टल का खाना खाने के बाद 70 आदिवासी छात्र बीमार पड़ गए, जिन्हें रामपचोडावरम एरिया अस्पताल में भर्ती कराया गया। कई छात्रों को आईसीयू में रखा गया है।

## मुंबई में RSS के 100 साल पूरे होने पर सलमान खान ने लिया हिस्सा

समर न्यूज़ | मुंबई

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (RSS) के 100 वर्ष पूरे होने के अवसर पर मुंबई में शनिवार को एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान, फिल्ममेकर सुभाष घई और गीतकार प्रसून जोशी भी शामिल हुए। सभी ने मंच पर बैठकर संघ प्रमुख मोहन भागवत का भाषण सुना। भागवत ने अपने भाषण में कहा कि भारत में हिंदू ही है और किसी खास धर्म या समुदाय तक सीमित नहीं है। उन्होंने स्पष्ट किया कि RSS किसी के खिलाफ नहीं है और इसका राजनीति से सीधा कोई संबंध नहीं है, हालांकि संघ के कुछ स्वयंसेवक राजनीति में सक्रिय हैं। भागवत ने कहा कि भारत का बंटवारा धर्म के कारण हुआ और सभी धर्मों का सम्मान करना जरूरी है।

## उन्नाव कांडः कुलदीप सिंह सेंगर की जमानत याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई संभव

### 10 साल की सजा काट रहे सेंगर ने शीर्ष अदालत का दरवाज़ा खटखटाया

समर न्यूज़ | नई दिल्ली



सुप्रीम कोर्ट सोमवार को उन्नाव दुष्कर्म पीड़िता के पिता की हिरासत में मौत के मामले में पूर्व भाजपा विधायक और पार्टी से निष्कासित नेता कुलदीप सिंह सेंगर की जमानत याचिका पर सुनवाई कर सकता है। सेंगर इस मामले में 10 साल की सजा काट रहे हैं और उन्होंने जमानत के लिए शीर्ष अदालत का रुख किया है।

इससे पहले 19 जनवरी को दिल्ली हाईकोर्ट ने सेंगर की सजा निलंबित करने की मांग खारिज कर दी थी। हाईकोर्ट ने कहा था कि मुकदमे में हुई देरी के लिए सेंगर स्वयं भी आंशिक रूप से जिम्मेदार हैं, क्योंकि उन्होंने मामले में कई याचिकाएं दाखिल की थीं। अदालत ने सजा पर रोक लगाने से इनकार कर दिया था।

गौरतलब है कि 13 मार्च 2020 को ट्रायल कोर्ट ने कुलदीप सिंह सेंगर को इस मामले में 10 साल के कठोर कारावास और 10 लाख रुपये जुर्माने की सजा सुनाई थी। अदालत ने कहा था कि एक परिवार के "एकमात्र कमाने वाले सदस्य" की मौत के मामले में कोई नरमी नहीं बरती जा सकती। हालांकि ट्रायल कोर्ट ने सेंगर को हत्या का दोषी नहीं ठहराया था, लेकिन यह मानते हुए कि हत्या की मंशा नहीं थी, उन्हें गैर-इरादतन हत्या (हत्या के समान न होने वाला अपराध) के लिए अधिकतम सजा दी गई थी।

कुलदीप सिंह सेंगर की मुख्य दुष्कर्म मामले में दिसंबर 2019 के फैसले के खिलाफ अपील, जिसमें उन्हें उम्रकैद की सजा सुनाई गई थी, और पिता की मौत के मामले में अपील, दोनों ही दिल्ली हाईकोर्ट में लंबित हैं। दुष्कर्म मामले में हाईकोर्ट ने 23 दिसंबर 2025 को उनकी सजा निलंबित की थी, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने 29 दिसंबर 2025 को उस आदेश पर रोक लगा दी थी।

## पंजाब पुलिस ने 5,290 अपराधियों को किया गिरफ्तार

समर न्यूज़ | चंडीगढ़



पंजाब पुलिस द्वारा गैंगस्टरों और अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई लगातार जारी है। पंजाब के डीजीपी गौरव यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि 20 जनवरी 2026 से अब तक "ऑपरेशन गैंगस्टरों पर वार" के तहत 5,290 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि 1 मार्च 2025 से चल रहे "युद्ध नशों के विरुद्ध" अभियान के तहत अब तक करीब 34,000 मामले दर्ज किए गए हैं और लगभग 45,000 गिरफ्तारियां हुई हैं। इस दौरान पंजाब पुलिस ने 2,150 किलोग्राम हेरोइन बरामद की है और 3,000 बड़े नशा तस्करों को काबू किया गया है।

## उत्तराखंड के जंगलों में सर्दियों में भी लगी आग

### फूलों की घाटी राष्ट्रीय उद्यान और नंदा देवी राष्ट्रीय उद्यान तक पहुंची आग, नवंबर से ही धधकने लगे जंगल

समर न्यूज़ | उत्तराखंड



उत्तराखंड के जंगलों में इस सर्दी में आग ने डर बढ़ा दिया है। जिन पहाड़ों पर सामान्यतः सर्दियों में बर्फबारी होती थी, वहां नवंबर 2025 से जनवरी 2026 के बीच जंगल धधकते नजर आए। प्रदेश में इस दौरान कुल 1,900 से अधिक फॉरेस्ट फायर अलर्ट जारी किए गए, जो देश में सबसे अधिक हैं। फूलों की घाटी से लेकर नंदा देवी राष्ट्रीय उद्यान और गोविंद घाट के जंगलों तक आग लगी। पिछले दो दशकों में बदलते मौसम चक्र ने उत्तराखंड के जंगलों को नई चुनौती दी है। शीतकाल में सूखे जैसे हालात, बढ़ता तापमान और मानवीय लापरवाही आग की घटनाओं को सामान्य बना रहे हैं। पारंपरिक फायर सीजन 15 फरवरी से 15 जून तक होता है, जबकि अब नवंबर से ही जंगलों में आग बुझाने की नौबत आ रही है। वन विभाग का कहना है कि अधिकांश आग सड़क किनारे फेंकी गई माचिस, बीड़ी-सिगरेट या जानबूझकर लगाई जाती है। विभाग ने 'कंट्रोल बर्निंग' की तकनीक अपनाई है, जिसमें सूखी घास, पिरूल और पत्तियों को पहले ही जला कर फायर लाइन बनाई जाती है ताकि आग आगे न बढ़े। जलवायु परिवर्तन के कारण शीतकालीन बारिश और बर्फबारी में भारी कमी आई है। 2012, 2016, 2018 और 2021-23 के बाद 2025 के नवंबर-दिसंबर भी पूरी तरह सूखे रहे। नतीजतन, नवंबर 2025 से ही वनाग्नि की घटनाएं शुरू हो गईं।

जनवरी 2026 में नंदा देवी नेशनल पार्क की फूलों की घाटी और गोविंद घाट रेंज के जंगल करीब एक सप्ताह तक जलते रहे। पिथौरागढ़ के नैनीसैनी और जमतड़ी गांवों में भी आग बुझाने के लिए फायर ब्रिगेड और एसएसबी के जवानों को मोर्चा संभालना पड़ा। वन्य जीवों की सुरक्षा पर भी खतरा बढ़ गया है। पंचाचूली क्षेत्र में कस्तूरी मृग का निवास है। स्थानीय लोग मानते हैं कि बर्फ न होने के कारण वन्य जीव निचले इलाकों में आते हैं, जहां कुछ शिकारी उन्हें पकड़ने के लिए आग लगा देते हैं। हालांकि, पिथौरागढ़ के डीएफओ आशुतोष सिंह का कहना है कि शिकारियों के पुख्ता सबूत नहीं मिले हैं, लेकिन रिजर्व फॉरेस्ट में निगरानी बढ़ा दी गई है। डॉ. शेखर पाठक का कहना है कि वनों की आग केवल पेड़ों को ही नहीं, बल्कि पारिस्थितिक तंत्र और मानव स्वास्थ्य को भी गंभीर नुकसान पहुंचा रही है।

**प्रस्ताव** गांव में ही शादी करने पर लड़का-लड़की और परिवार का होगा सामाजिक बहिष्कार

## अजनाला के धारीवाल कलेर गांव में पंचायत का अनोखा फरमान

समर न्यूज़ | अजनाला



पंचायत प्रतिनिधिमंडल।

- समर न्यूज़

अमृतसर जिले के अंतर्गत आने वाले अजनाला क्षेत्र के गांव धारीवाल कलेर में पंचायत ने एक ऐसा फैसला लिया है, जिसने पूरे इलाके में चर्चा और हैरानी पैदा कर दी है। गांव की पंचायत ने सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित करते हुए निर्णय लिया है कि यदि कोई युवक-युवती गांव के भीतर ही आपस में विवाह करते हैं, तो उनका और उनके परिवार का सामाजिक बहिष्कार किया जाएगा तथा उन्हें गांव छोड़ने के लिए मजबूर किया जाएगा।

यह प्रस्ताव पंचायत की बैठक में पारित किया गया और बाद में पूरे गांव को पढ़कर सुनाया गया। पंचायत के इस फैसले के अनुसार, गांव की किसी लड़की से उसी गांव का कोई लड़का शादी करता है, तो ऐसे दंपती को गांव में रहने की अनुमति नहीं दी जाएगी और उनके साथ उठने-बैठने वालों का भी सामाजिक बहिष्कार किया जाएगा।

इस संबंध में गांव के सरपंच और अन्य वरिष्ठ ग्रामीणों ने बताया कि बीते कुछ समय से गांव में ऐसे कई मामले सामने आए हैं, जहां गांव के ही लड़के-लड़कियों ने आपस में विवाह कर लिया। पंचायत का मानना है कि इस तरह की शादियां समाज को गलत संदेश देती हैं और सामाजिक परंपराओं के खिलाफ हैं। इसी कारण पंचायत ने भविष्य में ऐसे मामलों पर सख्त कदम उठाने का निर्णय लिया है।

पंचायत प्रतिनिधियों ने स्पष्ट किया कि यह फैसला किसी एक व्यक्ति के खिलाफ नहीं, बल्कि पूरे गांव में सामाजिक मर्यादाओं को बनाए रखने के उद्देश्य से लिया गया है। उन्होंने कहा कि अगर आगे चलकर कोई भी गांववासी इस निर्णय का उल्लंघन करता है, तो उसके खिलाफ बिना किसी भेदभाव के कार्रवाई की जाएगी।

हालांकि पंचायत के इस फैसले को लेकर गांव के बाहर भी तरह-तरह की प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं। कुछ लोग इसे सामाजिक अनुशासन से जोड़कर देख रहे हैं, तो कई लोग इसे व्यक्तिगत स्वतंत्रता और कानून के खिलाफ बता रहे हैं। फिलहाल यह फैसला क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है और देखने वाली बात होगी कि प्रशासन या कानून इस पर क्या रुख अपनाता है।

## पंजाब की स्वास्थ्य सेवा में बड़ा बदलाव

समर न्यूज़ | चंडीगढ़

भगवंत मान सरकार के नेतृत्व में पंजाब की सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली में बड़ा सुधार दर्ज किया गया है। राज्यभर में चल रहे आम आदमी क्लीनिकों को लेकर पंजाब विकास आयोग की हालिया स्टेट रिपोर्ट कार्ड में 18,256 मरीजों के फीडबैक के आधार पर 96 प्रतिशत संतुष्टि सामने आई है। रिपोर्ट के अनुसार 92 प्रतिशत मरीजों को मुफ्त दवाइयां और 94 प्रतिशत को निःशुल्क जांच सुविधाएं मिलीं। स्वच्छता व सुविधाओं के मामले में भी क्लीनिकों को उच्च अंक मिले—99 प्रतिशत ने साफ-सफाई, 97 प्रतिशत ने पीने के पानी और 95 प्रतिशत ने शौचालय व्यवस्था की सराहना की। अमृतसर, लुधियाना और जालंधर सहित कई जिलों में समान रूप से सकारात्मक रुझान दर्ज हुआ। सरकार का कहना है कि इन क्लीनिकों के विस्तार से आम लोगों का खर्च घटा है और बड़े अस्पतालों पर दबाव भी कम हुआ है।

## वेटरनरी पॉलीक्लीनिकों में खुलेंगे ब्लू क्रास मेडिसन स्टोर

समर न्यूज़ | चंडीगढ़



मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार पशुपालकों को किफायती और गुणवत्तापूर्ण पशुधन स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में एक और अहम कदम उठाने जा रही है। राज्य के छह जिलों में स्थित अत्याधुनिक वैटरनरी पॉलीक्लीनिकों में 'ब्लू क्रास' वेटरनरी मैडिसन स्टोर खोले जाएंगे, जिससे पशुपालकों को सस्ती दरों पर जरूरी दवाइयां उपलब्ध होंगी। इस परियोजना की जानकारी देते हुए पंजाब के पशुपालन, मत्स्य पालन और डेयरी विकास मंत्री गुरमीत सिंह खुडियां ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य पशुपालकों पर पड़ने वाले आर्थिक बोझ को कम करना और पशुपालन क्षेत्र को और सशक्त बनाना है, जो ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। उन्होंने बताया कि 'ब्लू क्रास' स्टोरों पर सभी जेनरिक वैटरनरी दवाओं पर 30 प्रतिशत तक और ब्रांडेड दवाओं पर 20 प्रतिशत तक की छूट दी जाएगी। इससे गुणवत्ता से समझौता किए बिना पशुपालकों को किफायती दवाइयां सुनिश्चित की जाएंगी। ये स्टोर गुरदासपुर, पटियाला, लुधियाना, संगरूर, श्री मुक्तसर साहिब और अमृतसर जिलों में स्थित उन वैटरनरी पॉलीक्लीनिकों में खोले जाएंगे, जहां पहले से ही एडवांस्ड इनडोर पेशेंट डिपार्टमेंट (आईपीडी) सेवाएं उपलब्ध हैं। इससे जांच से लेकर इलाज और रिकवरी तक सभी पशुधन स्वास्थ्य सेवाएं एक ही स्थान पर मिल सकेंगी।

समर प्राइम 3
www.summerexpress.in
9 फरवरी 2026
समर एक्सप्रेस

# थैलेसीमियाः समय पर जांच और सही इलाज से बचाया जा सकता है जीवन

समर न्यूज़ | लुधियाना

डॉक्टर प्रियंका गुप्ता के अनुसार, थैलेसीमिया एक आनुवंशिक रक्त रोग है, जिसमें शरीर पर्याप्त हीमोग्लोबिन नहीं बना पाता।

हस्ताक्षर



पायल मोहिंद्रा

हीमोग्लोबिन की कमी के कारण मरीज को गंभीर एनीमिया, कमजोरी, थकान और बार-बार बीमार पड़ने जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। यह रोग जन्म से ही व्यक्ति में मौजूद होता है और अगर समय पर सही पहचान और देखभाल न हो तो गंभीर परिणाम भी हो सकते हैं। थैलेसीमिया दो प्रकार का होता है। माइनर थैलेसीमिया (करियर) में मरीज आमतौर पर सामान्य जीवन जी सकता है और किसी प्रकार के इलाज की आवश्यकता नहीं होती। ऐसे मरीजों में सामान्य स्वास्थ्य रहता है, लेकिन गर्भावस्था के दौरान या अगर साथी भी थैलेसीमिया माइनर हो तो आगे सावधानी जरूरी होती है। इसके विपरीत, मेज़र थैलेसीमिया गंभीर अवस्था होती है, जिसमें मरीज को जीवनभर नियमित ब्लड ट्रांसफ्यूजन की आवश्यकता होती है। लगातार ट्रांसफ्यूजन से शरीर में जमा होने वाले अतिरिक्त आयरन को निकालने के लिए आयरन चेलशन थेरेपी दी जाती है। डॉक्टर प्रियंका गुप्ता बताती हैं कि थैलेसीमिया मेजर का स्थायी और पूर्ण इलाज केवल बोन मैरो ट्रांसप्लांट के माध्यम से संभव है। इस प्रक्रिया में मरीज के खराब खून बनाने वाले सेल्स को स्वस्थ डोनर के बोन मैरो से बदल दिया जाता है। इस दौरान डोनर का HLA (Human Leukocyte Antigen) मैच होना अनिवार्य होता है। आमतौर पर परिवार के भाई या बहन सबसे उपयुक्त डोनर माने जाते हैं, क्योंकि उनके HLA मैच होने की संभावना सबसे अधिक होती है।



यदि परिवार में कोई सही डोनर उपलब्ध न हो तो बाहरी रजिस्ट्री से भी डोनर लिया जा सकता है। डॉक्टर प्रियंका के अनुसार, बोन मैरो देने की प्रक्रिया डोनर के लिए सुरक्षित है, क्योंकि स्टेम सेल खून के माध्यम से लिए जाते हैं और इससे डोनर को कोई गंभीर जोखिम नहीं होता। थैलेसीमिया की पहचान के लिए एचपीएलसी (HPLC) या HB Electrophoresis टेस्ट अत्यंत जरूरी है। यह टेस्ट खून में हीमोग्लोबिन के अलग-अलग प्रकारों को मापता है और थैलेसीमिया, सिकल सेल एनिमिया जैसी बीमारियों का सही निदान करने में मदद करता है। गर्भावस्था के दौरान यदि महिला माइनर थैलेसीमिया की होती है, तो पति का भी टेस्ट किया जाता है।

अगर पति भी माइनर हो, तो बच्चे में 25 प्रतिशत संभावना होती है कि वह मेज़र थैलेसीमिया से जन्म ले सकता है। ऐसे मामलों में डॉक्टर गर्भावस्था की आगे की योजना तय करते हैं और उचित परामर्श देते हैं।

पंजाब में करीब 3 प्रतिशत लोग थैलेसीमिया कैरियर हैं। डॉक्टर प्रियंका गुप्ता का कहना है कि समय पर स्क्रीनिंग, सही जानकारी और मेडिकल देखभाल से इस गंभीर रोग के प्रभाव को काफी हद तक कम किया जा सकता है। यदि थैलेसीमिया मेजर का समय पर इलाज किया जाए, तो मरीज लंबा और सामान्य जीवन जी सकता है। थैलेसीमिया के प्रति जागरूकता बढ़ाना और एचपीएलसी जैसी जांच करवाना जीवन रक्षक साबित हो सकता है। इससे न केवल मरीज का जीवन बेहतर होता है, बल्कि भविष्य की पीढ़ियों को भी इस आनुवंशिक रोग से बचाया जा सकता है।

### हार से सीखकर नया रोडमैप, एक साल बाद नई रणनीति

# केजरीवाल वापसी को तैयार : पंजाब बचाने से यूपी-गुजरात तक की रणनीति

समर न्यूज़ | चंडीगढ़



दिल्ली की सत्ता से बाहर हुए लगभग एक साल बीत चुका है। इस दौरान आम आदमी पार्टी (आप) सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल ने चुपचाप संगठन को मज़बूत करने पर काम किया है। मगर आने वाले चुनाव उनके और पार्टी के लिए बड़ी परीक्षा साबित होंगे। 8 फरवरी 2025 को केजरीवाल टीवी चैनलों पर नतीजे देखते हुए दिल्ली की कमान हाथ से निकलते देख रहे थे। उस समय वे फ्लैगस्टाफ रोड स्थित मुख्यमंत्री आवास में थे और पार्टी के नए मुख्यालय से लगातार संपर्क में थे। पार्टी नेताओं के मुताबिक वे "उदास ज़रूर थे, लेकिन गुस्से में नहीं।" यह चुनाव उन्हें शीला दीक्षित से आगे सबसे लंबे समय तक मुख्यमंत्री बनने का मौका दे सकता था, भ्रष्टाचार के आरोपों से पार्टी को उबार सकता था और विपक्षी दलों में उसकी हैसियत बढ़ा सकता था, मगर ऐसा नहीं हुआ। 70 सदस्यीय विधानसभा में आप 64 से गिरकर सिर्फ़ 22 सीटों पर सिमट गई। मनीष सिसोदिया और सौरभ भारद्वाज जैसे बड़े चेहरे भी हार गए। केजरीवाल ने वीडियो संदेश रिकॉर्ड कर जनादेश स्वीकार किया और फिर महीनों तक सार्वजनिक मंच से दूर रहे। पार्टी के भीतर इसे "आत्ममंथन" बताया गया।

### संगठन मजबूती और जमीनी स्तर पर समीक्षा की

ऐसी अटकलें लगने लगीं कि वे पंजाब सरकार की कमान संभाल सकते हैं या राज्यसभा जा सकते हैं। पार्टी सूत्रों ने बताया कि उन्होंने इस समय का इस्तेमाल संगठन को मज़बूत करने और जमीनी स्तर पर समीक्षा करने में किया। दिल्ली की सभी सीटों का वार्ड स्तर तक विश्लेषण हुआ और वरिष्ठ नेताओं को दूसरे राज्यों में जिम्मेदारियां दी गईं। तीन महीनों तक वे दिल्ली में कम दिखे, पर भीतरखाने सक्रिय रहे। सिसोदिया और सत्येंद्र जैन पंजाब चले गए, आतिशी गोवा, गोपाल राय गुजरात और भारद्वाज दिल्ली प्रभारी बने। निर्देश साफ़ थे कि निगम से विधानसभा तक पार्टी को मज़बूत करना। हालांकि पंजाब में शीर्ष नेताओं की मौजूदगी से कुछ असहजता भी फैली और विपक्ष ने रिमोट कंट्रोल सरकार के आरोप लगाए। इसके बावजूद केजरीवाल वहां सक्रिय रहे और मुख्यमंत्री मान के साथ योजनाओं के शुभारंभ में शामिल हुए। दिल्ली में उन्होंने जंतर-मंतर पर झोपड़ियों के मुद्दे पर प्रदर्शन के ज़रिये वापसी की। नए साल की पूर्व संध्या पर कार्यकर्ताओं के साथ जश्न में भी दिखे। हाल के महीनों में आप ने प्रदूषण, महिलाओं को दिए जाने वाले भत्ते और स्कूल फीस बढ़ोतरी जैसे मुद्दों पर सरकार को घेरा।

### अब तीन प्राथमिकताएं

अब तीन प्राथमिकताएं हैं - पंजाब बचाना, गोवा जीतना और गुजरात व उत्तर प्रदेश में विस्तार करना। इन राज्यों में अगले साल चुनाव हैं और दिल्ली की हार के बाद यह एएपी के लिए अग्निपरीक्षा होगी। पार्टी फिर से शुरुआती मॉडल अपनाने की सोच रही है, जिसमें उम्मीदवारों का चयन "योग्यता" के आधार पर होता था। सूत्रों का कहना है कि दिल्ली की हार से मिले सबक ने केजरीवाल और आप को अपने पुराने, आज़माए हुए तरीकों की ओर लौटने के लिए प्रेरित किया है।

# जैसलमेर के आकाश में गरजेगी वायु शक्ति 2026

समर न्यूज़ | जैसलमेर

भारतीय वायुसेना इस माह राजस्थान के जैसलमेर क्षेत्र में पाकिस्तान सीमा के समीप एक विशाल वायु युद्ध अभ्यास करने जा रही है। 27 फरवरी को होने वाला यह अभ्यास वायु शक्ति 2026 नाम से आयोजित होगा, जिसे इस वर्ष का सबसे बड़ा हवाई युद्ध अभ्यास माना जा रहा है। यह अभ्यास केवल प्रशिक्षण तक सीमित नहीं है, बल्कि भारत की बढ़ती वायु शक्ति और युद्ध तैयारी का स्पष्ट संदेश भी देता है।

इस अभ्यास में सौ से अधिक लड़ाकू और सहायक विमान एक साथ युद्ध जैसे हालात में अपने आक्रामक और रक्षात्मक कौशल का प्रदर्शन करेंगे। वायुसेना की पश्चिमी और दक्षिण-पश्चिमी कमान के हवाई अड्डे और संसाधन इसमें भाग लेंगे। सभी इकाइयों को पूरी तरह सक्रिय कर दिया गया है।

▪ **ऑपरेशन सिंदूर की तर्ज पर अभ्यास** : वायु शक्ति 2026 को उसी रणनीतिक ढांचे पर तैयार किया गया है, जिस पर पहले ऑपरेशन सिंदूर को अंजाम दिया गया था। यह अभ्यास वास्तविक युद्ध जैसी काल्पनिक परिस्थितियों में किया जाएगा।

▪ **अग्रिम पंक्ति के सभी लड़ाकू विमान शामिल** : अभ्यास में वायुसेना के सभी प्रमुख लड़ाकू विमान और वायु रक्षा तंत्र भाग लेंगे। इनमें रफाल, सुखोई-30 एमकेआई, तेजस, मिग-29, जगुआर, मिराज-2000 और हॉक विमान शामिल हैं। ये विमान हवा और जमीन दोनों तरह के लक्ष्यों पर सटीक प्रहार का अभ्यास करेंगे। स्वदेशी प्रचंड आक्रमण हेलिकॉप्टर भी जीवित गोला-बारूद के साथ रॉकेट फायरिंग करता नजर आएगा। उल्लेखनीय है कि इस बार मिग-21 विमान अभ्यास का हिस्सा नहीं होगा।

▪ **उन्नत कमांड और कंट्रोल सिस्टम से निगरानी** : पूरे अभ्यास की निगरानी वायुसेना के एकीकृत वायु आदेश और नियंत्रण तंत्र के जरिए की जाएगी। लंबी, मध्यम और छोटी दूरी के रडार से प्राप्त सूचनाओं को जोड़कर पूरा हवाई चित्र तैयार किया जाएगा, जिससे हर गतिविधि पर नजर रखी जा सके। अभ्यास में C-130 और C-295 श्रेणी के परिवहन विमान, प्रचंड, चिनूक, एमआई-17 और उन्नत हल्के हेलिकॉप्टर शामिल होंगे। पहली बार C-295 विमान रात्रि में धावा उतराई अभ्यास करेगा। वहीं C-130 हरक्युलिस विमान छोटी पट्टी पर उतरकर युद्ध क्षेत्र में गरुड़ कमांडो उतारने के बाद कुछ ही मिनटों में फिर उड़ान भरेगा।

**वायु रक्षा पूरी तरह सक्रिय**

पाकिस्तान को इस अभ्यास की सूचना पहले ही उड़ान सूचना संदेश के जरिए दे दी गई है। इसके बावजूद भारत ने अपनी वायु रक्षा प्रणाली को पूरी तरह सक्रिय कर दिया है।

# अब एंड्रॉयड से आईफोन में आसानी से भेजिए फाइल

### गूगल लाएगा एयरड्रॉप जैसा सपोर्ट

समर न्यूज़ | मोहाली




एंड्रॉयड और आईफोन के बीच फाइल शेयर करना लंबे समय से यूजर्स के लिए परेशानी का कारण रहा है। अब गूगल इस समस्या को खत्म करने की तैयारी में है। कंपनी ने पुष्टि की है कि एयरड्रॉप जैसे फाइल शेयरिंग सपोर्ट को अपने क्विक शेयर फीचर के जरिए जल्द ही सभी एंड्रॉयड स्मार्टफोन्स तक बढ़ाया जाएगा। इसके बाद एंड्रॉयड यूजर्स सीधे आईफोन, आईपैड और मैकबुक पर फाइल भेज सकेंगे।

अब तक यह सुविधा केवल पिक्सल 10 सीरीज तक सीमित थी, लेकिन नए अपडेट के साथ इसे पूरे एंड्रॉयड इकोसिस्टम में उपलब्ध कराया जाएगा। गूगल ने सबसे पहले नवंबर 2025 में पिक्सल 10 सीरीज में क्विक शेयर के जरिए एयरड्रॉप इंटरऑपरेबिलिटी की शुरुआत की थी। तब से यह फीचर केवल उन्हीं डिवाइसों तक सीमित रहा। ताइपे में हुई एक प्रेस ब्रीफिंग के दौरान गूगल के एंड्रॉयड इंजीनियरिंग हेड ने बताया कि इस फीचर की टेस्टिंग सफल रही है। अब कंपनी अपने हार्डवेयर पार्टनर्स के साथ मिलकर इसे अन्य एंड्रॉयड स्मार्टफोन्स में भी रोलआउट करने की तैयारी कर रही है।

**आईफोन, आईपैड और मैकबुक पर होगा सीधा फाइल ट्रांसफर** : इस अपडेट के बाद एंड्रॉयड यूजर्स बिना किसी थर्ड-पार्टी ऐप या क्लाउड लिंक के सीधे एपल डिवाइस पर फोटो, वीडियो और अन्य फाइल्स भेज सकेंगे। क्विक शेयर पास मौजूद डिवाइस को पहचानकर डायरेक्ट ट्रांसफर की सुविधा देगा। यह फीचर उन यूजर्स के लिए खास तौर पर फायदेमंद होगा, जो घर या ऑफिस में एंड्रॉयड और एपल दोनों प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल करते हैं।

**लॉन्च टाइमलाइन पर जल्द होगा खुलासा** : हालांकि गूगल ने अभी तक इसकी सटीक लॉन्च डेट की घोषणा नहीं की है, लेकिन कंपनी ने संकेत दिए हैं कि आने वाले टेक इवेंट्स में इससे जुड़ी आधिकारिक जानकारी साझा की जाएगी।

गूगल यह भी संकेत दे चुका है कि वह एंड्रॉयड और एप्पल के बीच डिवाइस स्विच करने वाले यूजर्स के लिए डेटा ट्रांसफर को और सरल बनाने पर काम कर रहा है। इससे दोनों प्लेटफॉर्म के बीच की दूरी और कम हो सकती है।

### सिक्योरिटी पर रहेगा जोर

गूगल इस फीचर को अस्थायी समाधान की बजाय सिस्टम-लेवल इंटीग्रेशन के तौर पर पेश कर रहा है। कंपनी के अनुसार, इसमें सुरक्षित और भरोसेमंद प्रोटोकॉल का इस्तेमाल किया गया है और इंडिपेंडेंट सिक्योरिटी ऑडिट भी कराया गया है। गूगल का कहना है कि यह लॉन्ग-टर्म सॉल्यूशन है, जिससे फाइल शेयरिंग न सिर्फ आसान बल्कि सुरक्षित भी बनी रहेगी।

### यूट्यूब से सीखा डिजाइनिंग का काम, पीएम ने 'मेक इन इंडिया' के तहत उनकी सराहना की

# इन्फोसिस का एक ऑफिस ब्वॉय ऐसे बन गया सीईओ

समर न्यूज़ | नई दिल्ली

सोशल मीडिया पर इन दिनों एक खबर तैर रही है, जिसमें इन्फोसिस का एक ऑफिस बॉय कंपनी का चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर (CEO) बन गया है। शख्स की कड़ी मेहनत को देखते हुए देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी सराहना की है। आइये जानते हैं इस शख्स की कैसी रही संघर्ष की गाथा दादासाहेब भगत कभी चपरासी का काम करते थे, आज CEO हैं।

महाराष्ट्र के एक छोटे से गांव के दादासाहेब भगत ने इन्फोसिस में एक ऑफसि बॉय के तौर पर काम शुरू कयिा था और आप एक कंपनी का CEO है। कभी 4000 महीने की सैलरी पर काम करने वाला यह लड़का अब अपनी कंपनी 'Design Template' का मालिक है, वो भी इतनी सफलता के साथ कि उसकी शार्क टैंक इंडिया तक चर्चा पहुंच चुकी है। दादासाहेब भगत महाराष्ट्र के बीड के एक सूखाग्रस्त गांव से ताल्लुक रखते हैं। वह यहीं पले-बढ़े। यह एक ऐसा इलाका है, जहां सूखे जैसी स्थिति बन गई थी। इस वजह से वहां खेती करना मुश्किल था। उनके परिवार में शिक्षा को प्राथमिकता नहीं दी जाती थी। उन्होंने दसवीं तक पढ़ाई की और फिर आईटीआई का कोर्स किया। इसके बाद नौकरी तलाश में महाराष्ट्र के पुणे आ गए। दादासाहेब भगत को पुणे में पहली नौकरी चपरासी की मिली। शुरुआती दौर में उन्हें 4000 रुपये सैलरी मिलती थी। इन पैसों से घर का गुजारा नहीं हो पा रहा था। ऐसे में भगत दूसरी नौकरी की तलाश में डूबे थे। तभी उन्हें इन्फोसिस में बतौर ऑफिस बॉय (चपरासी) की नौकरी मिल गई। इस नौकरी से भगत बेहद खुश हुए। इन्फोसिस में भगत को 9000 रुपये सैलरी मिल रही थी। भगत को भी नहीं पता था कि इन्फोसिस कंपनी से ही उनकी किस्मत पलटने वाली है।

अब भगत रोजाना की तरह ऑफिस साफ करते। इंजीनियर्स के बैठने की डेस्क साफ करते, उन्हें चाय पिलाते। तभी भगत ने पहली बार कंप्यूटर देखा था। भगत को यकीन हो गया कि शारीरिक मेहनत के बजाय डिजिटल से भी कमाई की जा सकती है। बस यहीं से भगत इंजीनियर्स से कंप्यूटर से जुड़े प्रश्न पूछते रहते थे। इस दौरान ऑफिस के एक शख्स ने ग्राफिक्स डिजाइन के बारे में जिक्र किया। यही बात भगत के दिल में चिंगारी जल गई।

**ऐसे बन गए फ्रीलांस डिजाइनर**

उन्होंने एक डिजाइनर के रूप में फ्रीलांसिंग शुरू की और बाद में अपनी खुद की डिजाइन कंपनी शुरू की। लेकिन सफलता रातोंरात नहीं मिलती है। उन्हें कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा। इसमें आर्थिक चुनौती, सीमित संसाधन और दूसरों के संदेह शामिल थे। इन सबके बाद कोविड-19 महामारी आ गई। इस वजह से उन्हें पुणे में अपना डिजाइनिंग का काम बंद करके अपने गांव लौटना पड़ा। गांव आने पर भी उन्होंने हार नहीं मानी। भगत ने गांव में पहाड़ी के पास एक छोटा ऑफिस बनाकर 'Design Template' स्टार्टअप की शुरुआत की। यहीं से बनी एक ऐसी कंपनी जो अब कैनवा जैसे इंटरनेशनल डिजाइन प्लेटफॉर्म्स को टक्कर दे रही है। उनकी मेहनत और जज़्बे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का ध्यान भी खींचा। .पीएम ने 'मेक इन इंडिया' के तहत उनकी सराहना की।

**शार्क टैंक तक पहुंची सफलता**

जब दादासाहेब शार्क टैंक इंडिया में पहुंचे, तो उन्होंने boAt के अमन गुप्ता के साथ 1 करोड़ में 10% इक्विटी का सौदा किया। आज उनकी कंपनी हजारों डिजाइनर्स को प्लेटफॉर्म दे रही है और भारत को डिजिटल डिजाइन में आत्मनिर्भर बना रही है।

### साफ संदेशः भारत तैयार है

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, बचपन में, दादासाहेब अक्सर किसी स्थानीय कलाकार के साथ मिलकर मंदिरों में भित्ति चित्र बनाते थे। उन्होंने ग्राफिस डिजाइन को उससे रिलेट किया। उन्हें राह दिखाने वाले इंजीनियर ने राह दिखाई। उसने बताया कि हां बस ग्राफिक डिजाइन एक तरह की भित्ति चित्र ही है। दादासाहेब दिन में वे नौकरी करते और रात में मोबाइल पर ग्राफिक डिजाइनिंग से संबंधित वीडियो देखते। उन्होंने ऑनलाइन ट्यूटोरियल और फ्री प्रोग्राम का इस्तेमाल करके डिजाइनिंग सीखनी शुरू की। एक साल से भी कम समय में, वे एक ऑफ़िस बॉय से ग्राफिक डिज़ाइनर बन गए, और पोछा लगाने की बजाय इन्फोसिस में ही माउस से कमाई करने लगे।

## Good DAY

समर न्यूज़ | लुधियाना

आपका आज का दिन शांति, ऊर्जा और सकारात्मक सोच से भरा हो यही कामना है। नई सुबह नई उम्मीदें लेकर आती है और हर दिन हमें खुद को बेहतर बनाने का एक और अवसर देती है। बीते कल की चिंताओं को पीछे छोड़कर आज को पूरे विश्वास और मुस्कान के साथ अपनाइए। जीवन की छोटी-छोटी खुशियों को महसूस करें, अपनों के साथ बिताया गया हर पल संजोएं और अपने लक्ष्य की ओर एक छोटा सा कदम जरूर बढ़ाएं। याद रखिए, सफलता एक दिन में नहीं मिलती, लेकिन हर दिन की मेहनत उसे करीब जरूर लाती है। आज अपने मन को शांत रखें, विचारों को सकारात्मक दिशा दें और अपने काम में पूरी ईमानदारी रखें। जो मिला है उसके लिए आभार जताइए



और जो पाना है उसके लिए निरंतर प्रयास करते रहिए। ईश्वर करे आज आपके प्रयास सफल हों, स्वास्थ्य उत्तम रहे और चेहरे पर संतोष की मुस्कान बनी रहे। आपका दिन शुभ, सुखद और प्रेरणादायक हो। आपका दिन मंगलमय हो।

**बिंदिया मदान**
**समाज सेविका**

पेज 3 एंकर स्टोरी

### यह एआई सिस्टम जल्द ही देश की सभी 22 आधिकारिक भारतीय भाषाओं में लिखने में सक्षम होगा

# चैटजीपीटी-जेमिनि को टक्कर देगा भारत का स्वदेशी AI भारतजेन

समर न्यूज़ | चंडीगढ़

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के क्षेत्र में भारत ने एक बड़ा कदम आगे बढ़ाया है। देश का स्वदेशी मल्टीमॉडल जनरेटिव एआई प्लेटफॉर्म भारतजेन अब अपने अंतिम चरण में पहुंच चुका है। आईआईटी संस्थानों द्वारा विकसित यह एआई सिस्टम जल्द ही देश की सभी 22 आधिकारिक भारतीय भाषाओं में लिखने में सक्षम होगा, जबकि 15 भाषाओं में बोलने और तस्वीरों को पहचानने की सुविधा भी उपलब्ध कराएगा।

केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने हाल ही में राज्यसभा में जानकारी देते हुए बताया कि इस महीने के अंत तक भारतजेन 22 भाषाओं में लेखन सुविधा के साथ पूरी तरह तैयार हो जाएगा। उन्होंने कहा कि यह एआई प्लेटफॉर्म सीधे तौर पर चैटजीपीटी और Google Gemini जैसे वैश्विक एआई टूल्स को टक्कर देगा। भारत सरकार की महत्वाकांक्षी परियोजना भारतजेन को अक्टूबर 2024 में लॉन्च किया गया था। इसका उद्देश्य भारतीय भाषाओं को डिजिटल दुनिया में सशक्त बनाना और देश के लिए एक प्रभुत्वशाली एआई मॉडल विकसित करना है।

▪ **क्या है भारतजेन एआई**

भारतजेन पूरी तरह से भारत में विकसित एक मल्टीमॉडल जनरेटिव एआई सिस्टम है, जो टेक्स्ट, वॉयस और दस्तावेजों पर एक साथ काम करता है। इसके प्रमुख फीचर्स में शामिल हैं। स्पीच-टू-टेक्स्ट, टेक्स्ट-टू-स्पीच, पत्रम भारत का पहला डॉक्यूमेंट-विजन मॉडल। इन सभी मॉड्यूल्स को मिलाकर एक ऐसा एआई सिस्टम तैयार किया गया है, जो सरकारी दस्तावेजों, आवाज और टेक्स्ट को समझने में सक्षम है।




▪ **आईआईटी संस्थानों की अगुवाई** : भारतजेन को आईआईटी बॉम्बे के नेतृत्व में आईआईटी मद्रास, कानपुर, हैदराबाद और इंदौर जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों ने विकसित किया है। यह एआई मॉडल करीब 300 करोड़ पैरामीटर वाले टेक्स्ट मॉडल पर प्रशिक्षित किया गया है। इस परियोजना को IBM, Zoho, NASSCOM, जल एवं स्वच्छता मंत्रालय और कई राज्य सरकारों का सहयोग प्राप्त है। इसके साथ ही भारत एआई मिशन के तहत इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने इसे 1,058 करोड़ रुपये की अतिरिक्त सहायता देने की घोषणा की है।

▪ **आम नागरिकों के लिए क्यों खास** : भारतजेन को खासतौर पर आम लोगों की ज़रूरतों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। इसके प्रमुख उपयोग इस प्रकार हैं। कृषि साथी किसान अपनी स्थानीय भाषा में बोलकर खेती से जुड़ी सलाह ले सकेंगे। ई-विक्रएआई छोटे व्यापारी अपने उत्पादों का आकर्षक विवरण तैयार कर सकेंगे। डॉकबोधः जटिल कानूनी और सरकारी दस्तावेज़ आम भाषा में समझने योग्य बनेंगे। इन फीचर्स से यह स्पष्ट है कि भारतजेन का लाभ केवल शहरों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि गांव-गांव तक डिजिटल सेवाओं को मजबूत करेगा।

### ग्लोबल एआई रेस में भारत की मजबूत दावेदारी

**सरकार का मानना है कि भारतजेन से शिक्षा, शासन, डिजिटल सेवाओं और भाषाई समावेशन को नई दिशा मिलेगी। यह परियोजना भारत को वैश्विक एआई क्षेत्र में आत्मनिर्भर और मजबूत खिलाड़ी बनाने की दिशा में एक अहम कदम मानी जा रही है।**

# यमुनानगर में फायरिंग करने वाले बदमाशों से पुलिस की मुठभेड़, तीन आरोपी गिरफ्तार

## मुठभेड़ के दौरान दोनों ओर से करीब 25 से 30 राउंड हुई फायरिंग, दो बदमाशों के पैर में लगी गोली

समर न्यूज | यमुनानगर

हरियाणा के यमुनानगर में शनिवार देर रात सिटी मॉल और एक निजी अस्पताल में फायरिंग कर दहशत फैलाने वाले बदमाशों से रविवार तड़के पुलिस की मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ के दौरान दोनों ओर से करीब 25 से 30 राउंड फायरिंग हुई। जवाबी कार्रवाई में दो बदमाशों के पैर में गोली लगी, जबकि तीसरा बदमाश बाइक से गिरकर घायल हो गया। इसके बाद पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार कर सिविल अस्पताल यमुनानगर में भर्ती कराया, जहां उनका इलाज चल रहा है। शनिवार रात करीब 11 बजे दो बदमाश मुंह पर कपड़ा बांधकर रेलवे रोड स्थित मल्टी-स्पेशलिटी वरयाम अस्पताल में घुसे। आरोपियों ने रिसेप्शन के पास पहुंचकर 13 से 14 राउंड फायरिंग की। गोलियां दीवारों और सोफों में जा धंसीं। पूरी घटना अस्पताल में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई। इसके बाद बदमाश मौके से फरार हो गए। कुछ देर बाद बदमाशों ने सिटी मॉल के बाहर तीन से चार राउंड फायरिंग की। फायरिंग से मॉल के शीशों में छेद हो गए। आरोपियों ने मौके पर कुख्यात गैंगस्टर काला राणा और इनामी बदमाश शुभम पंडित के नाम की पर्ची भी फेंकी। दोनों घटनाओं के बीच करीब तीन किलोमीटर की दूरी होने के चलते पुलिस को एक ही गिरोह के शामिल होने की आशंका हुई। फायरिंग के वीडियो सामने आने के बाद सीआईए-1, सीआईए-2 और अन्य पुलिस टीमों ने संयुक्त रूप से बदमाशों की तलाश शुरू कर दी। रविवार सुबह करीब पांच बजे सीआईए-1 और सीआईए-2 की टीम जब रटौली से अंसल टाउन होते हुए गांव सुड़ैल की ओर बढ़ी, तो बदमाशों से आमना-सामना हो गया। पुलिस टीम को देखते ही बदमाशों ने फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में दो बदमाशों के पैर में गोली लगी, जबकि तीसरा बाइक से गिरकर घायल हो गया। पुलिस ने तीनों को मौके पर ही काबू कर लिया। मुठभेड़ के दौरान सीआईए-2 इंचार्ज राकेश को दो और सीआईए-1 इंचार्ज राजकुमार को एक गोली लगी, लेकिन बुलेट प्रूफ जैकेट होने के कारण उनकी जान बच गई।


पुलिस जांच करती हुई। - समर न्यूज़

### रंगदारी के लिए फैला रहे थे दहशत

पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार बदमाशों की पहचान गुरलाल निवासी कुरुक्षेत्र, नितिन और सागर निवासी तरावड़ी के रूप में हुई है। पुलिस की शुरुआती जांच में सामने आया है कि आरोपी रंगदारी वसूलने के उद्देश्य से शहर में डर का माहौल बनाना चाहते थे। डीएसपी रजत गुलिया ने बताया कि 17 दिसंबर को अस्पताल संचालक के बेटे से फोन पर करोड़ों रुपये की रंगदारी मांगी गई थी। पुलिस अब आरोपियों का आपराधिक रिकॉर्ड खंगाल रही है और यह जांच की जा रही है कि इस वारदात में और कौन लोग शामिल हो सकते हैं। एसपी कुलदीप गोयल ने बताया कि तीनों आरोपियों की हालत स्थिर है और उनसे पूछताछ जारी है।

# ऑटो-टाटा ऐस की भिड़ंत, ऑटो चालक की मौत

समर न्यूज | कुरुक्षेत्र

जिले के लाडवा में पीपली रोड पर ऑटो और टाटा ऐस (छोटा हाथी) की आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में ऑटो चालक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि टाटा ऐस के चालक समेत दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतक की पहचान राजेश कुमार (43), निवासी कैलाश नगर, कुरुक्षेत्र के रूप में हुई है। वह मूल रूप से धौरा गांव, जिला उन्नाव (उत्तर प्रदेश) का रहने वाला था और काफी समय से कुरुक्षेत्र में रहकर सब्जी बेचने का काम कर रहा था। राजेश ऑटो में सब्जी लेकर गांव-गांव जाया करता था। वह चार बच्चों का पिता था।

कुरुक्षेत्र सेक्टर-7 निवासी राम प्रकाश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह शाम को लाडवा से बाइक पर कुरुक्षेत्र लौट रहा था। जब वह लाडवा–पीपली रोड पर सोंटी गांव के पास निर्माणाधीन भवन के नजदीक पहुंचा, तभी पीपली की ओर से आ रहा टाटा ऐस गलत साइड में आ गया और उसके आगे चल रहे ऑटो में सीधी टक्कर मार दी।


घटनास्थल पर क्षतिग्रस्त वाहन। - समर न्यूज

टक्कर इतनी तेज थी कि ऑटो का अगला हिस्सा टाटा ऐस में घुस गया और दोनों वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। हादसे के बाद ऑटो चालक राजेश कुमार और टाटा ऐस चालक केबिन में फंस गए। मौके पर मौजूद लोगों ने कड़ी मशक्कत के बाद उन्हें बाहर निकाला और एम्बुलेंस की मदद से सरकारी अस्पताल लाडवा पहुंचाया। अस्पताल में डॉक्टरों ने राजेश कुमार को मृत घोषित कर दिया। हादसे में टाटा ऐस चालक राजपाल निवासी वार्ड नंबर-5, इंद्री (जिला करनाल) और उसका साथी विशाल घायल हो गए। दोनों को गंभीर हालत में LNJP अस्पताल रेफर किया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है। पुलिस ने लाडवा थाना में टाटा ऐस चालक राजपाल के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। मृतक के शव को मोर्चरी में रखवाया गया है। पुलिस रविवार को पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौपेगी।

# अवैध पिस्तौल सहित युवक हुआ गिरफ्तार

समर न्यूज | जींद

जिले में अपराध एवं अवैध हथियारों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत ए.वी.टी. स्टाफ को बड़ी सफलता मिली है। टीम ने अवैध हथियार सहित एक युवक को काबू किया है। एवीटी स्टाफ के इंचार्ज उपनिरीक्षक यशवीर ने जानकारी देते हुए बताया कि मुख्य सिपाही जितेंद्र कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम बस अड्डा लिजवाना खुर्द क्षेत्र में गश्त व अपराध पड़ताल पर मौजूद थी। इसी दौरान मुखबिर खास से सूचना मिली कि एक युवक अवैध हथियार लेकर नेशनल हाईवे-152D के पुल के पास, गांव सिरसा खेड़ी की ओर किसी वाहन का इंतजार कर रहा है।

सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची। वहां मुखबिर द्वारा बताए गए हुलिए के अनुसार एक युवक दिखाई दिया। पुलिस को देखकर वह तेजी से गांव सिरसा खेड़ी की ओर जाने लगा, लेकिन पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए उसे काबू कर लिया। पूछताछ में युवक ने अपना नाम अनिल उर्फ लाला निवासी नंदगढ़, जिला जींद बताया। नियमानुसार तलाशी लेने पर आरोपी की लोवर की बाईं जेब से एक देशी पिस्तौल .315 बोर बरामद हुई। हथियार को चेक करने पर वह खाली पाया गया। आरोपी से हथियार का लाइसेंस मांगा गया, लेकिन वह कोई वैध दस्तावेज पेश नहीं कर सका। पुलिस ने बरामद हथियार को कब्जे में लेकर आरोपी के खिलाफ थाना जुलाना में धारा 25(1-B), 54 व 59 शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। आरोपी को माननीय अदालत में पेश कर जिला जेल भेज दिया गया है।


पुलिस की गिरफ्त में आरोपी। - समर न्यूज़

## सूरजकुंड मेले में बड़ा हादसा, क्षमता से ज्यादा बैठाई सवारियां, जांच के लिए बनी एसआईटी और एडीसी कमेटी

# सुनामी झूला गिरा; एसएचओ की मौत, 12 घायल

समर न्यूज | फरीदाबाद

39वें इंटरनेशनल सूरजकुंड क्राफ्ट मेले में बड़ा हादसा हो गया। मेले में लगे 'सुनामी झूले' के अचानक गिरने से पलवल जिले के चांदहट थाना प्रभारी इंस्पेक्टर जगदीश प्रसाद की मौत हो गई, जबकि 12 लोग घायल हो गए। हादसे के बाद मेला परिसर में अफरा-तफरी मच गई और प्रशासन ने एहतियातन पूरे झूला क्षेत्र को खाली करा दिया।

घायलों को निजी अस्पतालों और बादशाह खान सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है। घटना का वीडियो भी सामने आया है, जिसमें झूला ऊपर से नीचे आते हुए अचानक गिरता हुआ दिखाई दे रहा है।



**▪ लापरवाही का आरोप, मेला संचालक पर केस दर्ज**

पुलिस की शुरुआती जांच में सामने आया है कि हादसे के समय सुनामी झूले पर 18 लोग सवार थे, जबकि चश्मदीदों के अनुसार झूले में क्षमता से अधिक, करीब 30 सवारियां बैठी थीं। सूरजकुंड थाना पुलिस ने हिमाचल फन फेयर के प्रोपराइटर मोहम्मद शाकिर पुत्र मोहम्मद रफी और उसके स्टाफ के खिलाफ लापरवाही और सुरक्षा मानकों की अनदेखी के आरोप में मामला दर्ज किया है। झूला परिसर को तत्काल बंद करा दिया गया है।

**▪ पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंपा गया शव**

मृतक इंस्पेक्टर जगदीश प्रसाद का पोस्टमॉर्टम बीके अस्पताल में कराया गया, जिसके बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। डीजीपी अजय सिंघल ने उन्हें शहीद का दर्जा देने की घोषणा की है। सरकार की ओर से मृतक के परिवार को एक करोड़ रुपये का मुआवजा और परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दी जाएगी।

**▪ 31 मार्च को होनी थी रिटायरमेंट**

परिवार के मुताबिक, इंस्पेक्टर जगदीश प्रसाद मूल रूप से उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले के गांव डेगर के रहने वाले थे। वे 1989 में हरियाणा पुलिस में सिपाही के रूप में भर्ती हुए थे और 31 मार्च 2026 को सेवानिवृत्त होने वाले थे। नवंबर 2025 में उन्हें चांदहट थाना प्रभारी बनाया गया था। उनके परिवार में एक बेटा और दो बेटियां हैं।

**▪ सरकार और पुलिस ने बनाई अलग-अलग जांच टीमें**

हादसे की जांच के लिए सरकार ने एडीसी की अध्यक्षता में कमेटी गठित की है। वहीं, फरीदाबाद पुलिस कमिश्नर सत्येंद्र कुमार गुप्ता ने भी स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम (SIT) का गठन किया है। एसीपी वरुण दाहिया को इसका इंचार्ज बनाया गया है, जबकि क्राइम ब्रांच एनआईटी और सूरजकुंड थाना के अधिकारी टीम में शामिल हैं।

**▪ चश्मदीद का बयान: 14वें राउंड में टूटा झूला**

घटना के चश्मदीद और दुकानदार राघव ने बताया कि शनिवार होने के कारण मेला पूरी तरह भीड़ से भरा था। झूला 13 राउंड पूरे कर चुका था और 14वें राउंड में अचानक टूटकर बाईं ओर गिर गया। झूला गिरते ही लोग चिल्लाने लगे। उन्होंने खुद झूले पर चढ़कर 7-8 लोगों को सुरक्षित नीचे उतारा, हालांकि इस दौरान वे भी घायल हो गए।

# सीआईए हांसी टीम पर आरोपी ने की फायरिंग

समर न्यूज | हांसी

रिटायर्ड पंचायत सचिव व प्रॉपर्टी डीलर सुभाष मलिक हत्याकांड की जांच के दौरान पुलिस के साथ एक गंभीर घटना सामने आई। जांच में गिरफ्तार आरोपियों में से महेंद्र ने पुलिस टीम के सामने अचानक हथियार निकालकर फायरिंग कर दी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में महेंद्र के पैर में गोली लगी, जिसके बाद उसे तुरंत नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया। सीआईए हांसी की टीम इस मामले में पहले ही दो आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। महेंद्र को शेखपुर क्षेत्र में वारदात में प्रयुक्त असला बरामद करने के लिए ले जाया गया था। निशानदेही के दौरान उसने छिपाया हुआ हथियार निकालकर पुलिस पर गोली चला दी और भागने की कोशिश की। पुलिस ने चेतावनी दी, लेकिन न मानने पर जवाबी फायरिंग की गई। पुलिस ने बताया कि मामले में नियमानुसार कार्रवाई जारी है और अन्य पहलुओं की भी जांच की जा रही है।

# फॉर्च्यूनर सवार युवकों ने कार चालक को पीटा

समर न्यूज | गुरुग्राम

शहर के पॉश इलाके गोल्फ कोर्स रोड पर शनिवार देर रात रोड रेज की सनसनीखेज घटना सामने आई है। सेक्टर-42 रैपिड मेट्रो स्टेशन के पास एक फॉर्च्यूनर सवार युवकों ने पीछे आ रही कार के आगे अपनी गाड़ी अड़ाकर उसे जबरन रोक लिया और कार चालक को बाहर घसीटकर बीच सड़क पर बेरहमी से पीटा। घटना का पूरा वीडियो एक राहगीर ने मोबाइल फोन से रिकॉर्ड कर लिया, जो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में साफ दिखाई दे रहा है कि तीन युवक कार चालक पर मुक्कों और लातों से हमला कर रहे हैं, जबकि पीड़ित युवक खुद को बचाने की कोशिश करता नजर आ रहा है।

**बीच-बचाव में उतरी युवती, नहीं रुके आरोपी** : मारपीट के दौरान फॉर्च्यूनर से उतरी एक युवती ने बीच-बचाव करने की कोशिश की और युवकों को रोकने का प्रयास किया, लेकिन आरोपी नहीं माने। उन्होंने युवक को सड़क पर गिराकर लगातार पीटते रहे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, झगड़े की असल वजह अभी तक स्पष्ट नहीं हो सकी है। आशंका जताई जा रही है कि ओवरटेकिंग या सड़क पर किसी अन्य बात को लेकर विवाद बढ़ा होगा। गोल्फ कोर्स रोड पर इससे पहले भी रोड रेज और स्टंटबाजी की कई घटनाएं सामने आ चुकी हैं। घटना के बाद फॉर्च्यूनर सवार युवक मौके से फरार हो गए। वहीं, घायल कार चालक ने कुछ देर बाद अपनी कार सड़क किनारे लगाई और फिर वहां से चला गया। इस मामले में अभी तक किसी भी पक्ष की ओर से पुलिस थाने में शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है। संबंधित थाना पुलिस का कहना है कि यदि शिकायत मिलती है तो मामले में आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।


मारपीट करते हुए युवक। - समर न्यूज़

# केंद्रीय मंत्री ने बाबू जगजीवन राम की प्रतिमा का किया अनावरण

सुन्दर कुंडू | पलवल
समर न्यूज़

केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने रविवार को पलवल के सल्लागढ़ में बाबू जगजीवन राम दलित उत्थान ट्रस्ट पलवल द्वारा आयोजित संत शिरोमणि गुरु रविदास के जन्मोत्सव कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस अवसर पर गुर्जर ने संत रविदास के चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। कार्यक्रम में पहुंचने पर केंद्रीय राज्य मंत्री का पगडी बांध कर व फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर होडल विधायक हरेंद्र सिंह, बावल से विधायक डॉ. कृष्ण कुमार, पूर्व विधायक दीपक मंगला, पूर्व विधायक रामरतन, ब्लॉक समिति चेयरमैन भगत सिंह घुघेरा सहित गणमान्य लोग मौजूद थे। केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने संत शिरोमणि गुरु रविदास भवन का रिबन काटकर उद्घाटन किया और पूर्व मंत्री बाबू जगजीवन राम की प्रतिमा का अनावरण किया। इस दौरान उन्होंने सूरजकुंड मेले में हुए हादसे पर संवेदना प्रकट करते हुए कहा कि हादसे में मृतक और घायलों के प्रति गहरी संवेदना है। भविष्य में इस तरह की घटना ना हो इसके लिए प्रबंध किए जाएगें। हादसे को लेकर जांच कमेटी बैठा दी गई जो भी दोषी पाया जाएगा उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि भारत अमेरिका ट्रेड डील को लेकर कांग्रेस भ्रम फैला रही है। कांग्रेस पार्टी अपनी हार को लेकर बौखला गई है। कांग्रेस पार्टी कभी ईवीएम और कभी चुनाव आयोग द्वारा गड़बड़ी करने का आरोप लगाते है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के लिए किसानों व गरीबों के हित सर्वोपरि है। कांग्रेस पार्टी किसानों को गुमराह करना बंद करें। किसान कांग्रेस के बहकावे में आने वाले नहीं है। किसानों के हित भाजपा सरकार में सुरक्षित है। कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि संत रविदास ऐसे महापुरुष थे, जिन्होंने पूरे जीवन गरीबों के उत्थान में लगे रहे। उन्होंने ऊंच नीच,जात पात का भेद समाप्त करने के लिए लगातार प्रयास किया। उन्होंने सर्व समाज में आपसी भाईचारा और प्रेम के साथ रहने का संदेश दिया। इसलिए हमें उनके जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए और उनके आदर्शों पर चलना चाहिए। गुर्जर ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी संत रविदास द्वारा दिखाए गए रास्ते पर चल रहे है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार बिना किसी भेदभाव के सबका साथ सबका विश्वास की सोच के साथ कार्य कर रही है। भाजपा सरकार में बिना किसी भेदभाव के सरकार की योजनाओं का लाभ लोगों को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि वह मुख्यमंत्री की दौड़ में कभी नहीं रहे है। पार्टी द्वारा जो जिम्मेदारी दी गई उसे पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ निभा रहे है।


बाबू जगजीवन राम की प्रतिमा का अनावरण करते केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर। - समर न्यूज़

# बदला मौसम; दिन में बढ़ी गर्मी, रातें अभी ठंडी

समर न्यूज़ | चंडीगढ़

हरियाणा में मौसम का मिजाज अब तेजी से बदलने लगा है। फरवरी की शुरुआत में ही दिन के तापमान में लगातार वृद्धि दर्ज की जा रही है, जिससे ठंड का असर कम होता जा रहा है और दोपहर के समय हल्की गर्माहट महसूस होने लगी है। मौसम विभाग के ताजा आंकड़े आने वाले दिनों में गर्मी के बढ़ते संकेत दे रहे हैं। मौसम विभाग के अनुसार, पिछले 24 घंटों के दौरान प्रदेश के औसत अधिकतम तापमान में 0.5 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। वहीं न्यूनतम तापमान में भी औसतन 1.5 डिग्री सेल्सियस का उछाल आया है। साफ आसमान और तेज धूप के कारण अधिकांश जिलों में दिन का तापमान सामान्य से 2 से 3 डिग्री सेल्सियस तक ऊपर पहुंच गया है। शनिवार को महेंद्रगढ़ राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा, जहां अधिकतम तापमान 25.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इसके बाद फरीदाबाद में 25.4 डिग्री और भिवानी में 24 डिग्री सेल्सियस तापमान रिकॉर्ड किया गया। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार, राज्य का औसत अधिकतम तापमान अब सामान्य के आसपास बना हुआ है, लेकिन कई जिलों में यह सामान्य से 2.7 डिग्री तक अधिक चल रहा है। प्रदेश में दिन और रात के तापमान के बीच 15 से 18 डिग्री सेल्सियस तक का अंतर बना हुआ है, जो स्वास्थ्य के लिहाज से संवेदनशील माना जा रहा है। दिन के मुकाबले रातों में अभी भी ठंड बनी हुई है। राज्य का न्यूनतम तापमान सामान्य से करीब 1.6 डिग्री अधिक चल रहा है। शनिवार को सबसे कम न्यूनतम तापमान महेंद्रगढ़ में 7.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। हिसार में 9.1, भिवानी में 9.0 और सोनीपत में 8.7 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान रहा, जबकि अंबाला और रोहतक में रात का पारा 11 से 12 डिग्री के बीच दर्ज किया गया।

**व्यवस्था** | 20 फरवरी से 28 फरवरी तक रेवाड़ी–रींगस के बीच चलेंगी कई एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेनें

# फाल्गुनी श्याम मेले को लेकर रेलवे ने चलाईं स्पेशल ट्रेनें

समर न्यूज़ | रेवाड़ी

खाटू श्याम में आयोजित होने वाले वार्षिक फाल्गुनी श्याम मेले और श्रद्धालुओं की लगातार बढ़ती भीड़ को देखते हुए उत्तर-पश्चिम रेलवे ने यात्रियों की सुविधा के लिए कई स्पेशल रेल सेवाओं का संचालन करने का निर्णय लिया है। इन विशेष ट्रेनों के चलने से हरियाणा और राजस्थान के हजारों श्रद्धालुओं को खाटू श्याम तक पहुंचने में बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है।

रेलवे अधिकारियों के अनुसार, गाड़ी संख्या 09633 रेवाड़ी–रींगस एक्सप्रेस स्पेशल का संचालन 20 फरवरी 2026 से 28 फरवरी 2026 तक कुल 9 ट्रिप किया जाएगा। यह ट्रेन रेवाड़ी से रात 10:50 बजे रवाना होकर अगले दिन सुबह 1:45 बजे रींगस पहुंचेगी। वापसी में गाड़ी संख्या 09634 रींगस–रेवाड़ी एक्सप्रेस स्पेशल 21 फरवरी से 1 मार्च 2026 तक कुल 9 ट्रिप चलेगी। यह ट्रेन रींगस से रात 2:05 बजे रवाना होकर सुबह 5:10 बजे रेवाड़ी पहुंचेगी। इस ट्रेन का ठहराव अटेली, नारनौल, डाबला, नीम का थाना, कावंट और श्रीमाधोपुर स्टेशनों पर रहेगा। इस सेवा में यात्रियों की सुविधा के लिए 16 डिब्बों वाला डेमू रैक लगाया गया है। इसके अतिरिक्त गाड़ी संख्या 09637 रेवाड़ी–रींगस एक्सप्रेस स्पेशल भी 20 फरवरी से 28 फरवरी 2026 तक चलाई जाएगी। यह ट्रेन रेवाड़ी से सुबह 11:00 बजे रवाना होकर दोपहर 2:20 बजे रींगस पहुंचेगी। वापसी में गाड़ी संख्या 09638 रींगस–रेवाड़ी एक्सप्रेस स्पेशल इसी अवधि में रींगस से दोपहर 2:55 बजे चलकर शाम 6:20 बजे रेवाड़ी पहुंचेगी। इस ट्रेन का ठहराव कुंड, काठूवास, अटेली, नारनौल, अमरपुर जोरासी, निजामपुर, डाबला, मांवड़ा, नीम का थाना, कावंट और श्रीमाधोपुर स्टेशनों पर रहेगा। इसमें कुल 10 डिब्बे लगाए गए हैं।

जयपुर–भिवानी स्पेशल भी चलेगी

श्रद्धालुओं की बढ़ती मांग को देखते हुए रेलवे ने गाड़ी संख्या 09733 जयपुर–भिवानी एक्सप्रेस स्पेशल को भी 16 फरवरी से 28 फरवरी 2026 तक कुल 13 ट्रिप चलाने का फैसला लिया है। वापसी में गाड़ी संख्या 09734 भिवानी–जयपुर एक्सप्रेस स्पेशल भी इसी अवधि में संचालित होगी। इस सेवा में कुल 11 डिब्बे होंगे और यह मार्ग के कई प्रमुख स्टेशनों पर ठहराव करेगी। रेलवे प्रशासन ने यात्रियों से अपील की है कि वे यात्रा से पहले समय-सारिणी की पुष्टि कर लें और मेले के दौरान सुरक्षा व व्यवस्था में सहयोग करें।



नारनौल रेलवे स्टेशन। - समर न्यूज़

# युवक की चाकू मारकर हत्या, दो लोग हुए घायल

समर न्यूज़ | यमुनानगर

जिले के खजूरी गांव से एक बड़ी और दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां मामूली कहासुनी ने खूनी संघर्ष का रूप ले लिया। देर रात दो गुटों के बीच हुए विवाद में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार, गांव नागल और खजूरी के कुछ युवकों के बीच किसी बात को लेकर आपसी कहासुनी हो गई। शुरुआत में विवाद को सुलझाने के लिए दोनों पक्षों के कुछ युवक एकत्रित हुए, लेकिन बात बढ़ती चली गई और देखते ही देखते दोनों गुटों के बीच चाकू और अन्य धारदार हथियारों से ताबड़तोड़ हमला शुरू हो गया। इस हिंसक झड़प में एक युवक को गंभीर चोटें आईं, जिससे उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया। वहीं दो अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में से एक की हालत नाजुक बनी हुई है, जिसे बेहतर इलाज के लिए पीजीआई चंडीगढ़ रेफर किया गया है। दूसरे घायल युवक का इलाज यमुनानगर के ट्रॉमा सेंटर में जारी है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस की टीमें तुरंत मौके पर पहुंचीं। पुलिस ने मृतक युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल बना हुआ है, जिसको देखते हुए एहतियातन भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया है, ताकि किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है और हमलावरों की पहचान कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की तैयारी की जा रही है।



# खनन व्यवसायी की बघमनवा में सिर कुचलकर की गई हत्या

समर न्यूज़ | सोनभद्र

जिले के ओबरा थाना क्षेत्र के बघमनवा खनन क्षेत्र में शनिवार रात खनन व्यवसायी विष्णु हरि उपाध्याय (76) की निर्मम हत्या कर दी गई। वारदात उनके प्लांट के कार्यालय में हुई, जहां विष्णु हरि सो रहे थे। आरोपियों ने उन्हें सिर कुचलकर मार डाला।

सूत्रों के अनुसार, विष्णु हरि उपाध्याय, खनन व्यवसायी माधव हरि उपाध्याय के भाई थे और मूल रूप से थाना गोपीगंज, जिला भदोही के निवासी थे। ओबरा क्षेत्र में व्यवसाय के चलते वह बाबा धुलाई शिवनगर कॉलोनी में रह रहे थे। रविवार सुबह घटना की जानकारी मिलते ही पीआरबी और ओबरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची। शव देखकर परिजन रो-रोकर बुरा हाल हो गए।

घटना की गंभीरता को देखते हुए अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार और क्षेत्राधिकारी अमित कुमार ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। फॉरेंसिक टीम ने मौके से अहम साक्ष्य जुटाए। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि आरोपियों ने वारदात के दौरान कार्यालय में लगे सीसीटीवी कैमरे तोड़ दिए। पुलिस ने चोरी की भी आशंका जताई है। एडिशनल एसपी अनिल कुमार ने बताया कि मृतक के सिर पर गंभीर चोट के निशान पाए गए हैं और आशंका है कि उन्हें पत्थर से वार कर हत्या की गई। परिजनों की तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया जाएगा। पुलिस ने घटना में शामिल आरोपियों की तलाश तेज कर दी है। यह मामला सोनभद्र जिले में खनन व्यवसाय से जुड़े सुरक्षा और अपराध की गंभीर स्थिति को उजागर करता है और जांच जारी है।



पुलिस जांच करती हुई। - समर न्यूज़

## पीएमजीएसवाई में बेहतर प्रदर्शन पर हिमाचल को मिले 46 करोड़

समर न्यूज़ | शिमला

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) के तहत उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए हिमाचल प्रदेश को ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा 46 करोड़ रुपये की प्रोत्साहन राशि जारी की गई है। यह राशि समय पर सड़क निर्माण, गुणवत्ता बनाए रखने और परियोजनाओं को निर्धारित अवधि में पूरा करने के आधार पर दी गई है। लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने इस उपलब्धि को प्रदेश के लिए बड़ी मान्यता बताते हुए केंद्र सरकार का आभार जताया। उन्होंने कहा कि कठिन भौगोलिक परिस्थितियों, भारी बारिश और भूस्खलन जैसी चुनौतियों के बावजूद विभाग ने उच्च मानकों के साथ कार्य किया। यह राशि दूरदराज, जनजातीय और दुर्गम क्षेत्रों में सड़क नेटवर्क मजबूत करने, पुलियों के निर्माण, ब्लैक स्पॉट सुधार और सड़क अपग्रेडेशन पर खर्च की जाएगी। इससे किसानों, विद्यार्थियों और ग्रामीण जनता को बेहतर कनेक्टिविटी व सुविधाएं मिलेंगी।

## पचरुखी में पुलिस ने की कार्रवाई
# 140 ग्राम चरस सहित तीन युवक गिरफ्तार

समर न्यूज़ | कांगड़ा

नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कांगड़ा पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पंचरुखी क्षेत्र में पुलिस ने 140 ग्राम चरस के साथ तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई शनिवार, 7 फरवरी 2026 को ट्रैफिक चेकिंग के दौरान की गई, जिसमें नशा तस्करी में प्रयुक्त एक पिकअप ट्राला को भी कब्जे में लिया गया है।

जानकारी के अनुसार पंचरुखी थाना पुलिस की टीम दयोग्रां क्षेत्र में पंचायत घर के समीप नाकेबंदी कर वाहनों की नियमित जांच कर रही थी। इसी दौरान पालमपुर की ओर से आ रहे एक पिकअप ट्राला को जांच के लिए रोका गया। वाहन की सघन तलाशी लेने पर उसमें सवार तीन व्यक्तियों के कब्जे से 140 ग्राम चरस बरामद हुई।

पुलिस ने मौके पर ही त्वरित कार्रवाई करते हुए तीनों आरोपियों को हिरासत में ले लिया। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान लक्की (30) निवासी सलियाणा, प्यार चंद (35) निवासी वटाहण तथा विकास चंद (29) निवासी टिक्कर के रूप में हुई है। तीनों आरोपी पालमपुर तहसील के विभिन्न क्षेत्रों से संबंध रखते हैं।

पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ पंचरुखी थाना में एनडीपीएस एक्ट की धारा 20, 25 और 29 के तहत मामला दर्ज किया है। मामला एफआईआर नंबर 11/26 के अंतर्गत दर्ज किया गया है। पुलिस अब यह जांच कर रही है कि बरामद नशे की खेप कहां से लाई गई थी और इसे कहां सप्लाई किया जाना था। कांगड़ा पुलिस ने स्पष्ट किया है कि नशे के खिलाफ अभियान आगे भी सख्ती से जारी रहेगा।




पुलिस की गिरफ्त में आरोपी। - समर न्यूज़

## एपस्टीन फाइल्स विवाद
# दलाई लामा का नाम जोड़ने पर कार्यालय ने किया खंडन

समर न्यूज़ | धर्मशाला

दुनिया भर में चर्चित 'एपस्टीन फाइल्स' सेक्स स्कैंडल से बौद्ध धर्मगुरु परम पावन दलाई लामा का नाम जोड़े जाने के दावे पूरी तरह भ्रामक और असत्य हैं। दलाई लामा के कार्यालय ने इन आरोपों का सख्त खंडन करते हुए स्पष्ट किया है कि उनका अमेरिकी अपराधी जेफ्री एपस्टीन से कोई भी संबंध नहीं रहा है। कार्यालय की ओर से जारी आधिकारिक बयान में कहा गया है कि परम पावन दलाई लामा ने न तो कभी जेफ्री एपस्टीन से मुलाकात की और न ही किसी को उनकी ओर से एपस्टीन से संपर्क करने के लिए अधिकृत किया गया। सोशल मीडिया और कुछ रिपोर्ट्स में फैलाए जा रहे दावों को पूरी तरह झूठा और निराधार बताया गया है।



गौरतलब है कि हाल ही में न्यूयॉर्क की एक अदालत ने एपस्टीन से जुड़े सैकड़ों पन्नों के दस्तावेज सार्वजनिक किए हैं, जिनमें कई प्रभावशाली हस्तियों के नाम दर्ज हैं। हालांकि अदालत ने स्पष्ट किया है कि नाम दर्ज होने का मतलब अपराध में संलिप्तता नहीं है। दलाई लामा के कार्यालय ने सोशल मीडिया पर वायरल हो रही मॉर्फ्ड तस्वीरों और फर्जी सूचियों को उनकी छवि खराब करने की साजिश बताया और लोगों से अपील की कि वे बिना पुष्टि ऐसी अफवाहों पर विश्वास न करें।

# भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने मां चिंतपूर्णी के दरबार में टेका माथा

समर न्यूज़ | चिंतपूर्णी

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने रविवार को माँ चिंतपूर्णी के पावन दरबार में पहुंचकर विधिवत पूजा-अर्चना की और माता के चरणों में माथा टेका। उनके साथ पूर्व विधायक बलबीर सिंह चौधरी, जिला अध्यक्ष शाम मन्हास और पार्टी के कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस अवसर पर मंदिर के पुजारी अजय कालिया ने विधिपूर्वक पूजा-अर्चना संपन्न करवाई।

डॉ. बिंदल ने पूजा के बाद कहा कि माँ चिंतपूर्णी प्रदेशवासियों की आस्था का प्रमुख केंद्र हैं और उनका आशीर्वाद हमेशा प्रदेश पर बना रहे, यही उनकी प्रार्थना है। उन्होंने यह भी कहा कि भारतीय जनता पार्टी जनसेवा और प्रदेश के समग्र विकास के संकल्प के साथ काम कर रही है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से प्रदेशवासियों के हित में निष्ठापूर्वक कार्य करने की अपील की। पूर्व विधायक बलबीर सिंह चौधरी और जिला अध्यक्ष शाम मन्हास ने भी माता रानी से प्रदेश में खुशहाली, शांति और प्रगति की कामना की। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह देखने को मिला और उन्होंने माता के दर्शन कर आध्यात्मिक संतोष और सौभाग्य महसूस किया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने संगठन को मजबूत बनाने और जनसेवा के कार्यों को और प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि पार्टी की प्राथमिकता हमेशा जनता की भलाई और प्रदेश के विकास पर होगी। इस अवसर ने न केवल भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच उत्साह और एकता बढ़ाई, बल्कि प्रदेशवासियों के कल्याण और समृद्धि की दिशा में सकारात्मक संदेश भी दिया। कार्यक्रम का समापन सभी के सामूहिक आशीर्वाद और सकारात्मक भावनाओं के साथ हुआ।



# बिलासपुर और सोलन में दो युवकों ने फंदा लगाकर की आत्महत्या

समर न्यूज़ | बिलासपुर

बिलासपुर और सोलन जिलों में दो युवकों ने आत्महत्या कर ली। बिलासपुर के कलोल क्षेत्र में किराए के कमरे में रह रहे 19 वर्षीय छात्र गौरव ने फंदा लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। गौरव, गांव और डाकघर कच्छेहरा, तहसील जयसिंहपुर (कांगड़ा) का रहने वाला था और पॉलिटेक्निक कॉलेज कलोल में इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग के छठे सेमेस्टर का छात्र था। मौके पर थाना प्रभारी और पुलिस टीम ने पहुंचकर कमरे का निरीक्षण किया। छात्र का शव छत के पंखे के कुंडे से लटका पाया गया। कमरे में प्लास्टिक की कुर्सी भी रखी मिली। प्रारंभिक जांच में शरीर पर किसी प्रकार की बाहरी चोट के निशान नहीं पाए गए। मकान मालिक, गवाह और छात्र के पिता ने किसी भी तरह के शक की जानकारी नहीं दी। शव को सिविल अस्पताल घुमारवीं में पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। पुलिस अधीक्षक संदीप धवल ने बताया कि मामले की जांच जारी है।

सोलन जिले के बरोटीवाला में रहने वाले 29 वर्षीय युवक तनुष पुरी ने भी फंदा लगाकर आत्महत्या की। वह बिहार कॉलोनी में अपनी मां के साथ रहता था और मूल रूप से पंजाब के मोहाली का रहने वाला था। उसकी मां चंडीगढ़ में नौकरी करती हैं। जब वह शाम को ड्यूटी से लौटीं, तो कमरे का दरवाजा अंदर से बंद था। पड़ोसियों की मदद से दरवाजा खोला गया तो तनुष को चुनरी से पंखे में लटका हुआ पाया गया। मौके पर पुलिस ने शव को नीचे उतारकर नालागढ़ अस्पताल में पोस्टमार्टम कराया। मृतक गैस और चिमनी की मरम्मत का काम करता था। एएसपी अशोक वर्मा ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि शव को परिजनों को अंतिम संस्कार के लिए सौंप दिया गया है।

# प्रीणी में खोखे में भीषण आग, लाखों का नुकसान
## दमकल विभाग की तत्परता से बड़ा हादसा टला, 50 लाख की संपत्ति बची

समर न्यूज़ | मनाली

मनाली के प्रीणी क्षेत्र में एक खोखे में अचानक भीषण आग लग गई, जिससे उसमें रखा लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। दमकल विभाग की समय पर कार्रवाई से एक बड़ा हादसा टल गया और आसपास की करीब 50 लाख रुपये की संपत्ति को सुरक्षित बचा लिया गया। जानकारी के अनुसार यह खोखा बुरुआ निवासी अमर चंद का था, जिसे उन्होंने कबाड़ी का काम करने वाले प्रवासी परिवारों को किराए पर दे रखा था। लकड़ी और टीन से बने इस खोखे को पांच कमरों में विभाजित किया गया था, जहां पांच परिवार निवास कर रहे थे। आग लगने के समय सभी परिवार के सदस्य बाहर थे, जिससे किसी प्रकार की जानी क्षति नहीं हुई।

अग्निशमन अधिकारी सरनपत ने बताया कि सूचना मिलते ही दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंच गई। हालांकि आग इतनी तेज थी कि खोखे के भीतर रखा लगभग दो लाख रुपये का सामान पूरी तरह जल गया। कड़ी मशक्कत के बाद दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाया और इसे आसपास के भवनों तक फैलने से रोक लिया। फिलहाल आग लगने के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल पाया है। पुलिस और प्रशासन की टीम द्वारा नुकसान का आकलन किया जा रहा है तथा घटना के कारणों की जांच जारी है।



खोखे में लगी आग के बाद के हालात। - समर न्यूज़

# प्रोटोकॉल विवाद पर गरमाई राजनीति मंडी डीसी अपूर्व देवगन शिमला पहुंचे

समर न्यूज़ | शिमला

राज्य सचिवालय में उस समय राजनीतिक और प्रशासनिक हलचल तेज हो गई, जब मंडी के उपायुक्त (डीसी) अपूर्व देवगन आयुष, युवा सेवाएं एवं खेल मंत्री यादविन्द्र गोमा से मुलाकात के लिए शिमला पहुंचे। हालांकि सचिवालय पहुंचने के बावजूद डीसी की मंत्री गोमा से भेंट नहीं हो सकी। इस घटनाक्रम को प्रशासन और सरकार के बीच बढ़ते तनाव से जोड़कर देखा जा रहा है। गौरतलब है कि मंत्री यादविन्द्र गोमा ने मंडी में कथित प्रोटोकॉल उल्लंघन को लेकर डीसी अपूर्व देवगन के खिलाफ विधानसभा में विशेषाधिकार हनन का नोटिस दिया है। मंत्री गोमा ने स्पष्ट किया कि उन्होंने अपनी ओर से विशेषाधिकार हनन का नोटिस भेज दिया है और अब इस पर



फैसला विधानसभा की विशेषाधिकार समिति ही करेगी। वहीं, डीसी का सचिवालय पहुंचना इस विवाद को सुलझाने की कोशिश माना जा रहा है। यह पूरा विवाद 26 जनवरी को मंडी में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह से जुड़ा है, जहां मंत्री गोमा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। मंत्री का आरोप है कि कार्यक्रम के दौरान डीसी मौके पर मौजूद नहीं थे, जबकि बड़ी संख्या में लोग अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे थे। शीर्ष प्रशासनिक अधिकारी की अनुपस्थिति के कारण लोगों की शिकायतों का समाधान नहीं हो पाया, जिसे उन्होंने प्रोटोकॉल उल्लंघन बताया।

# मुख्यमंत्री सुक्खू पीएम से मिलने को तैयार
## आरडीजी बंद होने पर रणनीति तय

समर न्यूज़ | शिमला

हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि यदि उन्हें प्रधानमंत्री से मिलने का समय मिलेगा तो वह जेपी नड्डा के नेतृत्व में भी नई दिल्ली जाने को तैयार हैं। सुक्खू ने रविवार को बुलाई गई सर्वदलीय बैठक में भाजपा के विधायकों को भी आमंत्रित किया था, लेकिन भाजपा नेताओं ने पहले से तय कार्यक्रम और व्यस्तताओं का हवाला देते हुए बैठक में शामिल नहीं होने की जानकारी दी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आरडीजी (राजस्व घाटा अनुदान) को बंद करने की लड़ाई जनता की अदालत में लड़ी जाएगी। उन्होंने जोर देकर कहा कि यह मुद्दा बजट सत्र 16 फरवरी से शुरू होने पर भी प्रमुखता से उठाया जाएगा। सुक्खू ने स्पष्ट



सुखविंद्र सिंह सुक्खू। - समर न्यूज़

किया कि मंत्रिमंडल आज है, कल नहीं, और कोई भी पद स्थायी नहीं है। सुक्खू ने बताया कि संसदीय कार्य मंत्री ने सर्वदलीय बैठक के लिए नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर से संपर्क किया था। जयराम ने बैठक को किसी अन्य दिन रखने का प्रस्ताव रखा। बैठक में भाजपा विधायकों को यह समझाया जाना था कि आरडीजी बंद होने से आगामी पांच से दस वर्षों में राज्य पर क्या असर पड़ेगा। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि वित्तीय अनुशासन के तहत हिमाचल प्रदेश की अर्थव्यवस्था को दिशा दी गई है और कई निर्णयों का लाभ मिलना शुरू हो गया है। आगामी 2026-2031 के दौरान लगभग 50,000 करोड़ रुपये के लाभ की उम्मीद जताई जा रही है। राज्य मंत्रिमंडल की बैठक सचिवालय में आयोजित की जाएगी। मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में होने वाली बैठक में बजट पेश करने की तिथि, राज्यपाल के अभिभाषण का ड्राफ्ट, और राजस्व घाटा अनुदान पर चर्चा की जाएगी। इसके बाद सुक्खू कांग्रेस विधायकों के समक्ष आरडीजी से होने वाले संभावित नुकसान पर प्रस्तुति देंगे। मुख्यमंत्री ने भाजपा पर पलटवार करते हुए कहा कि वे सभी दलों के साथ मिलकर राज्यहित में काम करने के लिए तैयार हैं और हिमाचल के अधिकारों के लिए संघर्ष जारी रहेगा।

**मौसम** चंबा से किन्नौर तक खराब मौसम की चेतावनी, तेज हवाएं चलने के आसार

# बदलेगा मौसम का मिजाज, बारिश-बर्फबारी के आसार

समर न्यूज़ | शिमला

हिमाचल प्रदेश में लंबे समय से जारी शुष्क मौसम का दौर अब समाप्त होने वाला है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के अनुसार, आज से एक नया पश्चिमी विक्षोभ राज्य को प्रभावित करेगा, जिसके चलते प्रदेश में एक बार फिर बारिश और बर्फबारी का सिलसिला शुरू होने की संभावना है। खासतौर पर 10 फरवरी को मध्य और उच्च पर्वतीय क्षेत्रों में हल्की से मध्यम बारिश और बर्फबारी होने का पूर्वानुमान जताया गया है।

मौसम विभाग के मुताबिक, 8 और 9 फरवरी को प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में मौसम शुष्क बना रहेगा, हालांकि इस दौरान आसमान में बादल छाए रहेंगे। 10 फरवरी को कुछ स्थानों पर गरज-चमक के साथ तेज हवाएं चल सकती हैं, जिनकी गति 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटा तक पहुंच सकती है। इसे देखते हुए चंबा, कांगड़ा, कुल्लू, मंडी, शिमला और किन्नौर जिलों में खराब मौसम की चेतावनी जारी की गई है।

बीते कुछ दिनों में प्रदेश भर में दिन के तापमान में उल्लेखनीय बढ़ोतरी दर्ज की गई है। राजधानी शिमला में बीते 24 घंटों के दौरान अधिकतम तापमान 15.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जो सामान्य से 2.6 डिग्री अधिक रहा। सुंदरनगर में तापमान 23.2 डिग्री, भुंतर में 21.4 डिग्री दर्ज किया गया, जो औसत से चार डिग्री से अधिक रहा। ठंडे इलाकों में भी गर्मी का असर साफ नजर आया। कल्पा में अधिकतम तापमान 11.6 डिग्री, धर्मशाला में 21 डिग्री और पर्यटन नगरी मनाली में 12.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सभी स्थानों पर सामान्य से अधिक रहा। वहीं नाहन, सोलन और कांगड़ा में भी दिन का तापमान औसत से ऊपर बना रहा।

मौसम विभाग का कहना है कि पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने के बाद अगले दो से तीन दिनों में अधिकतम और न्यूनतम तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस तक गिरावट आ सकती है, जिससे ठंड एक बार फिर बढ़ेगी। यह बारिश और बर्फबारी रबी फसलों और सेब बागानों के लिए लाभकारी सिद्ध होगी और जल स्रोतों को भी राहत मिलेगी। हालांकि, खराब मौसम के चलते ऊंचाई वाले इलाकों में यातायात प्रभावित होने की आशंका है। प्रशासन ने लोगों से सतर्क रहने और अनावश्यक यात्रा से बचने की अपील की है।



बर्फबारी होती हुई। - समर न्यूज़

# जयराम ठाकुर का सुक्खू सरकार पर तीखा हमला
## बोले, व्यवस्था परिवर्तन के नाम पर प्रदेश को बदहाली की ओर धकेला

समर न्यूज़ | शिमला

कांगड़ा प्रवास के दूसरे दिन पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने नगरोटा बगवां विधानसभा क्षेत्र के बाबा बड़ोह मंडल और बाद में देहरा मंडल में भाजपा पदाधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठकें कीं। इन बैठकों में संगठन की मजबूती, आगामी चुनावी रणनीति और जनआंदोलनों को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। इस दौरान जयराम ठाकुर ने वर्तमान कांग्रेस सरकार और मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू पर तीखे हमले किए। उन्होंने प्रदेश की बिगड़ती राजनीतिक और वित्तीय स्थिति पर चिंता जताते हुए मुख्यमंत्री के 'व्यवस्था परिवर्तन' के नारे को खोखला करार दिया। जयराम ठाकुर ने आरोप लगाया कि सरकार की नीतियों ने विकास कार्यों को ठप कर दिया है और मुख्यमंत्री अपनी प्रशासनिक विफलताओं का ठीकरा अब केंद्र सरकार के बजट पर फोड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री को केंद्र पर आरोप लगाने के बजाय प्रदेश के आगामी बजट पर ध्यान देना चाहिए। नेता प्रतिपक्ष ने दावा किया कि सरकार अपनी नाकामियों का बोझ आम जनता पर डालने की तैयारी में है।

उन्होंने कहा कि एक ओर अपने करीबी लोगों को कैबिनेट रैंक देकर सरकारी खजाने पर बोझ डाला गया और अब उसी घाटे की भरपाई के लिए जनता पर नए कर लगाने की योजना बनाई जा रही है। बजट से पहले ही वित्तीय संकट का रोना रोना सरकार की असफलताओं की भूमिका है। देहरा में भाजपा पूर्व कर्मचारी प्रकोष्ठ के अभ्यास वर्ग को संबोधित करते हुए जयराम ठाकुर ने सुक्खू सरकार को कर्मचारी-विरोधी और प्रदेश-विरोधी बताया।

उन्होंने कहा कि झूठी गारंटियां देते समय कांग्रेस नेताओं ने पूरी तैयारी का दावा किया था, लेकिन आज प्रदेश की आर्थिक स्थिति का हवाला देकर जिम्मेदारी से बचा जा रहा है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ आवाज बुलंद करने का आह्वान किया।




जयराम ठाकुर का स्वागत करते हुए लोग। - समर न्यूज़

# बिजली चोरी का खुलासा भाजपा जिला उपाध्यक्ष रंगे हाथों पकड़ा गया

समर न्यूज़ | मंडी

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर के गृह जिला मंडी के बलद्वाड़ा क्षेत्र में बिजली चोरी का गंभीर मामला सामने आया है। हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड की फ्लाइंग स्क्वॉड टीम ने छापेमारी कर भाजपा के एक जिला स्तरीय पदाधिकारी को बिजली चोरी करते हुए रंगे हाथों पकड़ा। जांच में आरोपी द्वारा करीब एक वर्ष से अवैध रूप से बिजली उपयोग करने के पुख्ता सबूत मिले, जिसके बाद उस पर लगभग एक लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया। जुर्माने की राशि मौके पर ही डिमांड ड्राफ्ट के माध्यम से जमा करवाई गई। जानकारी के अनुसार रोपड़ी गांव निवासी आरोपी भाजपा में जिला उपाध्यक्ष पद पर कार्यरत है। विभाग को मीटर की असामान्य रूप से कम खपत पर पहले से संदेह था। जांच में सामने आया कि मीटर को बायपास कर मुख्य सर्विस वायर से सीधी सप्लाई ली जा रही थी।

भाई की मौत का बदला; जीरकपुर से अपहरण, प्रीत कॉलोनी में पीट-पीटकर हत्या, चार आरोपी फरार

# मां-बेटे ने रची साजिश, टैक्सी चालक का अपहरण कर बेरहमी से हत्या की

समर न्यूज़ | चंडीगढ़

शहर में हत्याओं का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। भाई की मौत का बदला लेने के लिए मां-बेटे ने अपने दोस्तों के साथ मिलकर एक टैक्सी चालक का अपहरण कर उसकी बेरहमी से हत्या कर दी। इस सनसनीखेज मामले में सेक्टर-31 थाना पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि महिला समेत चार अन्य आरोपी अभी फरार हैं। घटना के बाद जीरकपुर थाना पुलिस की भूमिका भी सवालों के घेरे में आ गई है।

पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपियों की पहचान एयरफोर्स श्री बीआरडी निवासी मोहित (19), प्रीत कॉलोनी जीरकपुर निवासी रजनीश कुमार उर्फ अड्डी उर्फ किलविश (19) और सुरेंद्र एन्क्लेव जीरकपुर निवासी रमन सिंह उर्फ नेगी (23) के रूप में हुई है। तीनों को जिला अदालत में पेश कर पांच दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। मुख्य आरोपी अनिल, उसकी मां और तीन अन्य आरोपियों की तलाश में पुलिस लगातार दबिश दे रही है।



अरोपी पुलिस की गिरफ्त में। - समर न्यूज़

जांच में सामने आया है कि मृतक सुशील उर्फ साहिल आरोपियों को पहले से जानता था। पांच फरवरी को चार आरोपी दो बाइकों पर हल्लोमाजरा स्थित दीप कॉम्प्लेक्स पहुंचे। वहां उन्होंने सड़क हादसे के मामले में जीरकपुर थाने ले जाने का झांसा देकर साहिल को जबरन उसकी कार से बाहर निकाला और अपहरण कर लिया। इसके बाद उसे जीरकपुर की प्रीत कॉलोनी ले जाया गया।

पुलिस जांच के अनुसार प्रीत कॉलोनी में मनप्रीत उर्फ हैप्पी के घर के बाहर साहिल के साथ डंडों, लाठियों और लात-घूंसों से बेरहमी से मारपीट की गई। गंभीर रूप से घायल साहिल को आरोपी डेराबस्सी सिविल अस्पताल छोड़कर फरार हो गए और पुलिस को झूठी सूचना दी कि युवक सड़क पर घायल पड़ा मिला है। अस्पताल में डॉक्टरों ने साहिल को मृत घोषित कर दिया।

मृतक साहिल सेक्टर-20 में अपने भाई-भाभी के साथ रहता था। उसकी सगाई हो चुकी थी और दो महीने बाद शादी तय थी। हत्या की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया।

### जीरकपुर थाना पुलिस पर सवाल

पुलिस सूत्रों के अनुसार आरोपियों ने प्रीत कॉलोनी पहुंचने के बाद जीरकपुर थाना पुलिस को फोन कर सूचना दी थी कि वे मनप्रीत की मौत के मामले में आरोपी को पकड़कर लाए हैं। इसके बावजूद न तो पुलिस मौके पर पहुंची और न ही युवक को हिरासत में लिया गया। अस्पताल से सूचना मिलने के बाद भी जीरकपुर पुलिस मौके पर नहीं पहुंची, जबकि चंडीगढ़ पुलिस ने डेराबस्सी पहुंचकर शव कब्जे में लिया और हत्या का मामला दर्ज किया। जीरकपुर थाना प्रभारी सतिंदर सिंह ने कहा कि उन्हें जानकारी मिली है कि चंडीगढ़ पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया है, लेकिन मामला डेराबस्सी का है, जो उनके थाना क्षेत्र में नहीं आता।

### पुराने सड़क हादसे से जुड़ी थी रंजिश

पुलिस के अनुसार नवंबर 2025 में मनप्रीत के जन्मदिन की पार्टी के दौरान नई कार चलाने को लेकर विवाद हुआ था। पार्टी से लौटते समय साहिल की कार की चपेट में आने से मनप्रीत की मौत हो गई थी। तभी से आरोपी बदला लेने की फिराक में थे। सड़क हादसे के मामले में करीब तीन महीने तक गिरफ्तारी न होने से आरोपियों की रंजिश और गहरी हो गई, जिसका अंजाम इस जघन्य हत्या के रूप में सामने आया।

अबू धाबी रवाना हुए पंचकूला के मास्टर्स खिलाड़ी

# पंचकूला के खिलाड़ी दिखाएंगे दम

समर न्यूज़ | पंचकूला

अबू धाबी में पहली बार आयोजित हो रहे ओपन मास्टर्स गेम्स 2026 का आयोजन 6 फरवरी से 15 फरवरी 2026 तक किया जा रहा है। इस अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में 30 वर्ष से लेकर 100 वर्ष तक की आयु के पुरुष एवं महिला खिलाड़ी भाग लेंगे। प्रतियोगिता में 100 देशों के लगभग 25,000 खिलाड़ी 33 खेलों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में जिला पंचकूला के 6 खिलाड़ी मास्टर एथलेटिक्स एवं बैडमिंटन में भाग लेकर देश और जिले का नाम रोशन करेंगे। चयनित खिलाड़ियों में उषा शर्मा 85 प्लस आयु वर्ग, वजीर चंद गोयल 80 प्लस, प्रकाश कौर अहलूवालिया 75 प्लस, रजनी भल्ला 60 प्लस, शशि शर्मा 65 प्लस और राम किशोर शर्मा 75 प्लस शामिल हैं।

इससे पूर्व सातवीं नेशनल मास्टर्स एथलेटिक प्रतियोगिता का आयोजन 30 जनवरी से 2 फरवरी 2026 तक अजमेर राजस्थान में किया गया था, जिसमें पंचकूला के 20 पुरुष एवं महिला खिलाड़ियों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में हरियाणा राज्य ने 93 स्वर्ण, 50 रजत और 65 कांस्य पदक जीतकर ओवरऑल चैंपियनशिप अपने नाम की थी।


एथलेटिक्स खिलाड़ी। - समर न्यूज़

इस शानदार प्रदर्शन के बाद खिलाड़ियों में जबरदस्त उत्साह और जोश देखने को मिल रहा है।

अबू धाबी में होने वाली अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए पंचकूला के खिलाड़ी 7 फरवरी को रवाना होंगे और 16 फरवरी को भारत वापस लौटेंगे। खेल प्रेमियों और जिलेवासियों को अपने खिलाड़ियों से बेहतरीन प्रदर्शन की उम्मीद है।

# एशिया पैसिफिक डेंटल फेडरेशन ने डॉ. वरुण बजाज को किया सम्मानित

समर न्यूज़ | चंडीगढ़

दंत चिकित्सक डॉ. वरुण बजाज को एशिया पैसिफिक डेंटल फेडरेशन सिंगापुर द्वारा अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतिष्ठित ICCDE फेलोशिप से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें हाल ही में मैंगलोर में आयोजित 76वें इंडियन डेंटल कॉन्फ्रेंस के दौरान प्रदान किया गया।

डॉ. बजाज को यह उपलब्धि दंत चिकित्सा के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान और सामाजिक सेवाओं के लिए प्रदान की गई है। वे पिछले 12 सालों से श्री हनुमंत तीर्थ, सेक्टर-25 में प्रत्येक मंगलवार को नियमित रूप से निःशुल्क दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन कर जरूरतमंदों को सेवाएं प्रदान कर रहे हैं।


डॉ वरुण बजाज को सम्मानित करते हुए। - समर न्यूज़

वर्तमान में डॉ. वरुण बजाज भारतीय दंत चिकित्सा संघ (आईडीए), चंडीगढ़ स्टेट ब्रांच के अध्यक्ष के रूप में भी अपनी सेवाएं दे रहे हैं। इसके अलावा वे कई सामाजिक संस्थाओं से जुड़कर जनसेवा, स्वास्थ्य जागरूकता और चिकित्सकीय दायित्वों का सक्रिय रूप से निर्वहन कर रहे हैं। उनकी इस अंतरराष्ट्रीय उपलब्धि पर दंत चिकित्सा जगत और शहर के गणमान्य लोगों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी है।

महिला उत्पीड़न व जातिसूचक अपमान के मामले में एनएचआरसी सख्त

# मोहाली एसएसपी से मांगी रिपोर्ट

समर न्यूज़ | मोहाली

महिला उत्पीड़न, धोखाधड़ी और जातिसूचक अपमान से जुड़े एक गंभीर मामले में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने सख्त रुख अपनाया है।

आयोग ने मोहाली के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दो सप्ताह के भीतर एक्शन टेकन रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। एनएचआरसी ने स्पष्ट किया है कि मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस की भूमिका की भी जांच की जाएगी। यदि जांच में किसी स्तर पर लापरवाही या उदासीनता पाई गई, तो जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ भी कार्रवाई की जा सकती है।

यह मामला मोहाली निवासी एक महिला की शिकायत पर आधारित है।




महिला ने आरोप लगाया है कि उसके रिश्तेदार, जो उसके जीजा का भाई है, ने शादी का झांसा देकर उसके साथ संबंध बनाए। आरोप है कि आरोपी ने उससे पैसे लिए, जातिसूचक गालियां दीं, जबरन गर्भनिरोधक गोलियां खिलाईं और शारीरिक मारपीट की। बाद में आरोपी ने महिला को सभी माध्यमों से ब्लॉक कर किसी अन्य महिला से सगाई कर ली।

शिकायतकर्ता का यह भी कहना है कि उसने स्थानीय पुलिस थाने और महिला सेल में कई बार शिकायत दर्ज कराई, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। इस कथित लापरवाही के चलते उसे मानसिक, भावनात्मक और आर्थिक रूप से गंभीर नुकसान उठाना पड़ा। आयोग ने शिकायत पर प्रारंभिक विचार के बाद कहा है कि लगाए गए आरोप प्रथम दृष्टया मानवाधिकारों के उल्लंघन से संबंधित प्रतीत होते हैं। इसके आधार पर आयोग के सदस्य प्रियंक कानूनगो की अध्यक्षता वाली पीठ ने मानवाधिकार संरक्षण अधिनियम, 1993 की धारा 12 के तहत मामले का संज्ञान लिया है।

एनएचआरसी ने मोहाली एसएसपी को निर्देश दिए हैं कि पूरे मामले की सही, निष्पक्ष और समयबद्ध जांच सुनिश्चित की जाए।

आयोग ने यह भी स्पष्ट किया है कि जांच रिपोर्ट केवल HRCNet पोर्टल के माध्यम से ही अपलोड की जाए, ई-मेल से भेजी गई रिपोर्ट स्वीकार नहीं की जाएगी।

## ट्रक ऑपरेटर यूनियन ने करवाया श्री गुरु ग्रंथ साहिब का पाठ

समर न्यूज़ | डेराबस्सी

मुबारकपुर ट्रक ऑपरेटर यूनियन डेराबस्सी में ऑपरेटरों द्वारा परमात्मा के धन्यवाद और लोगों की भलाई, सुख-शांति के लिए श्री गुरु ग्रंथ साहिब का पाठ करवाया गया। इस अवसर पर श्री ग्रंथ साहिब जी की हाजरी में रागी सिंहों ने पवित्र बाणी का कीर्तन किया और श्री अखंड पाठ साहिब के भोग के उपरांत गुरु का लंगर वितरित किया गया। समारोह में हल्का विधायक कुलजीत सिंह रंधावा विशेष रूप से उपस्थित होकर नतमस्तक हुए और अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। उन्होंने कहा कि वे स्वयं लंबे समय तक इस यूनियन के प्रधान रह चुके हैं, इसलिए ऑपरेटरों और ड्राइवरों की कठिनाइयों को अच्छी तरह जानते हैं।

## मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा स्कीम के तहत झामपुर से बस रवाना


गांव झामपुर के लिए बस रवाना करते हुए अधिकारी। - समर न्यूज़

समर न्यूज़ | मोहाल

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी के 350वें शहीदी पर्व को समर्पित मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा स्कीम के तहत गांव झामपुर से एक बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। तहसीलदार मनप्रीत सिंह और हल्का कोऑर्डिनेटर व स्टेट अवार्डी फूलराज सिंह ने बस को रवाना किया। इस योजना के तहत 50 वर्ष से अधिक आयु के श्रद्धालुओं को निःशुल्क बस, ठहरने, भोजन और मेडिकल सुविधा के साथ श्री दरबार साहिब सहित धार्मिक स्थलों के दर्शन कराए जाएंगे।

# संत निरंकारी मिशन ने लगाया रक्तदान शिविर

170 श्रद्धालुओं ने किया रक्तदान, मानव को मानव हो प्यारा संदेश के साथ 170 यूनिट रक्त एकत्र

जसबीर सिंह | डेराबस्सी
समर न्यूज़

निरंकारी सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज के पावन आशीर्वाद से संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन के नेतृत्व में संत निरंकारी सत्संग भवन, समगौली में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 170 श्रद्धालुओं ने स्वेच्छा से रक्तदान कर मानवता की सेवा का संदेश दिया। शिविर का उद्घाटन चंडीगढ़ जोन के जोनल इंचार्ज ओपी निरंकारी ने स्थानीय मुखी मास्टर गुरनाम सिंह एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में किया। इस अवसर पर ओपी निरंकारी ने रक्तदाताओं की सराहना करते हुए कहा कि यह सेवा बाबा हरदेव सिंह के वचनों मानव को मानव हो प्यारा, एक दूजे का बने सहारा को साकार करती है।


रक्तदान करते हुए लोग। - समर न्यूज़

उन्होंने बताया कि वर्ष 1986 से अब तक संत निरंकारी मिशन द्वारा लगाए गए लगभग 9000 रक्तदान शिविरों में करीब 15 लाख यूनिट रक्त एकत्र किया जा चुका है। वर्ष 2025-26 में चंडीगढ़ जोन में लगभग 20 शिविर आयोजित किए जाएंगे जिनमें करीब 3000 श्रद्धालु रक्तदान करेंगे।

## गुरुद्वारा संतसर साहिब में हाइड्रोलिक निशान साहिब हुआ स्थापित


गुरूद्वारा कमेटी के सदस्य जानकारी देते हुए। - समर न्यूज़

समर न्यूज़ | चंडीगढ़

सेक्टर 38 वेस्ट स्थित गुरद्वारा संतसर साहिब में श्रद्धा और उत्साह के वातावरण में हाइड्रोलिक निशान साहिब की स्थापना की गई। यह सेवा बाबा सरूप सिंह, भाई गुरप्रीत सिंह और संतसर सेवा ट्रस्ट चंडीगढ़ के तत्वावधान में समूह संगत के सहयोग से संपन्न हुई। इस अवसर पर भाई रणबीर साहिब ने जानकारी देते हुए बताया कि स्थापित किया गया निशान साहिब 108 फीट ऊंचा है, जिस पर लगभग 101 मीटर लंबा चोला साहिब का कपड़ा लगाया गया है। निशान साहिब की सेवा में बड़ी संख्या में संगत ने अपने हाथों से भाग लिया और फूलों की वर्षा कर गुरु घर की शोभा बढ़ाई।

आयोजन

कढ़ाई, फुलकारी से लेकर जैविक उत्पाद तक, महिला उद्यमियों ने मेला किया गुलजार

# कार्निवल पंजाब सखी शक्ति मेला बना महिला उद्यमिता और आत्मनिर्भरता का मंच

समर न्यूज़ | मोहाली

कार्निवल–पंजाब सखी शक्ति मेला महिला सशक्तिकरण और उद्यमिता का सशक्त मंच बनकर उभरा है। यह मेला उन महिलाओं की प्रेरक कहानियों को सामने ला रहा है, जिन्होंने कभी घरेलू कामों से अपनी यात्रा शुरू की और आज सफलतापूर्वक छोटे व्यवसाय चला कर न सिर्फ आत्मनिर्भर बनी हैं, बल्कि अपने परिवारों का आर्थिक सहारा भी बन रही हैं।

मेले में पंजाब भर से आई स्वयं सहायता समूहों (SHG) की महिलाएं अपने उत्पाद प्रदर्शित कर रही हैं। बड़ी संख्या में पहुंच रही महिला खरीदार न केवल उनके उत्पाद खरीद रही हैं, बल्कि उनका मनोबल और आत्मविश्वास भी बढ़ा रही हैं।


सामान बेचती हुई महिला। - समर न्यूज़

अमृतसर के हरशा छिन्ना क्षेत्र के कुकड़वाला गांव की बलजीत कौर, बलजीत स्वयं सहायता समूह का नेतृत्व कर रही हैं। उन्होंने दो वर्ष पहले हेयर एक्सेसरीज़ जैसे रबर बैंड, हेयर क्लिप, ब्रोच पिन और महिलाओं के क्लच बनाना शुरू किया। आज उनके समूह में 11 सदस्य हैं, जिनमें से अधिकतर पहले घरेलू सहायिका के रूप में काम करती थीं। सीमित शिक्षा और ऑनलाइन वीडियो से सीखे कौशल के सहारे बलजीत कौर ने इसे आय का स्थायी स्रोत बना दिया है।

इसी तरह, फाजिल्का जिले के घल्लू गांव की अमनदीप कौर खालसा स्वयं सहायता समूह का नेतृत्व कर रही हैं। चार वर्ष पहले 11 महिलाओं के साथ शुरू हुआ यह समूह पहले हाथ की कढ़ाई करता था, लेकिन अब 2,500 से 7,500 रुपये तक की महिलाओं की सूट तैयार कर बेच रहा है। समूह की सदस्य सुमन लता के साथ मिलकर उनका स्टॉल मेले में खासा आकर्षण का केंद्र बना हुआ है।

पटियाला की मासींगन स्वयं सहायता समूह की शेरो रानी "स्नेहा फुलकारी" ब्रांड के तहत कढ़ाई, ऊनी बुनाई, जूट बैग और पारंपरिक फुलकारी उत्पाद प्रदर्शित कर रही हैं। 2021 से शुरू हुए इस समूह ने अब 13 गांवों के समूहों को जोड़ा है और आटा चक्की, ड्रोन सेवा व नियमित बिक्री काउंटर भी संचालित कर रहा है।

खिजराबाद (खरड़) की कामनी देवी के नेतृत्व में अमन आजीविका स्वयं सहायता समूह और अमनजोत प्रोड्यूसर ग्रुप ने 2020 में अचार और मसालों से शुरुआत की थी। आज वह 10 गांवों के 156 स्वयं सहायता समूहों का समन्वय कर रही हैं और जैविक उत्पादों की विस्तृत श्रृंखला पेश कर रही हैं।

मेले की नोडल अधिकारी एवं अतिरिक्त उपायुक्त (ग्रामीण विकास) सोनम चौधरी ने बताया कि यह मेला सारस मेले से अलग है, क्योंकि यह विशेष रूप से महिला स्वयं सहायता समूहों और महिला उद्यमियों को सीधे बिक्री का अवसर देता है। उन्होंने कहा कि पहली बार आयोजित इस कार्निवल को जनता से उत्साहजनक प्रतिक्रिया मिली है। मेला 10 फरवरी तक चलेगा और प्रतिदिन सांस्कृतिक कार्यक्रमों व प्रसिद्ध गायकों की संगीतमय प्रस्तुतियां होंगी।



# एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप में भारत की शानदार शुरुआत, ईशा सिंह ने जीते दो स्वर्ण

एजेंसी | नई दिल्ली



ओलंपियन ईशा सिंह ने एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप (पिस्टल/राइफल) के पहले ही दिन भारत को दो स्वर्ण पदक दिलाकर शानदार आगाज़ किया। महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल व्यक्तिगत स्पर्धा के साथ-साथ टीम इवेंट में भी ईशा की अगुवाई में भारत ने स्वर्ण पदक अपने नाम किया। 21 वर्षीय ईशा सिंह ने फाइनल में शुरुआती पिछड़न के बावजूद जबरदस्त संयम दिखाया और 239।8 अंक हासिल कर स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने चीनी ताइपे की चेंग येन चिंग (235।4) और यू ऐ वेन (217।7) को पीछे छोड़ा। यह ईशा का सीनियर एशियाई चैंपियनशिप में दूसरा स्वर्ण है। भारत की युवा निशानेबाज सुरुचि सिंह फाइनल में चौथे स्थान पर रहीं, जबकि पेरिस ओलंपिक में दो कांस्य पदक जीत चुकी मनु भाकर सातवें स्थान पर रहीं। क्वालीफाइंग राउंड में सुरुचि ने 576 अंक, जबकि ईशा और मनु ने 575-575 अंक हासिल कर फाइनल में जगह बनाई। महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल टीम स्पर्धा में सुरुचि (576), मनु (575) और ईशा (575) की तिकड़ी ने कुल 1726 अंक जुटाकर भारत को स्वर्ण पदक दिलाया। वियतनाम और चीनी ताइपे क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे। पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में विश्व चैंपियन सम्राट राणा से स्वर्ण की उम्मीद थी, लेकिन फाइनल में वे अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर सके और 220।3 अंक के साथ कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। उज्बेकिस्तान के व्लादिमीर स्वेचनिकोव ने स्वर्ण पदक जीता। पुरुष टीम स्पर्धा में सम्राट राणा (581), श्रवण कुमार (578) और वरुण तोमर (573) ने कुल 1732 अंक जुटाए।

# रोनाल्डो ने फीफा वर्ल्ड कप को लेकर की भविष्यवाणी

## रोनाल्डो नाज़ारियो ने कार्लो एंसेलोटी के असर की सराहना की, बोले-फीफा वर्ल्ड कप 2026 में नई ऊर्जा के साथ उतरेगा ब्राज़ील

एजेंसी | रियो डी जेनेरो





पूर्व स्ट्राइकर रोनाल्डो ने कहा कि उन्हें इस साल के फीफा वर्ल्ड कप में एक नई ऊर्जा से भरी ब्राजील टीम देखने की उम्मीद है, और उन्होंने मैनेजर कार्लो एंसेलोटी के सकारात्मक प्रभाव की तारीफ की। पांच बार की वर्ल्ड कप विजेता ब्राज़ील क्वालीफायर में अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन से काफी पीछे थी, 10 टीमों के दक्षिण अमेरिकी ग्रुप में पांचवें स्थान पर रही, जो लीडर और मौजूदा चैंपियन अर्जेंटीना से 10 अंक पीछे थी। लेकिन रोनाल्डो ने कहा कि पिछले साल मई में अपनी नियुक्ति के बाद से एंसेलोटी ने राष्ट्रीय टीम में नया आत्मविश्वास जगाया है। दो बार के वर्ल्ड कप विजेता ने पत्रकारों से कहा, 'मैं बहुत आशावादी हूं। हमने कुछ बार मुलाकात की है और छठे खिताब पर विश्वास करने के लिए ब्राजीलियाई फैंस से अपील करते हुए एक मजेदार विज्ञापन भी फिल्माया है। मैं उन्हें जानता हूं, मैं उनके काम करने का तरीका जानता हूं, इसलिए जब वह राष्ट्रीय टीम में शामिल हुए थे, उससे कहीं ज्यादा मैं अब उत्साहित हूं।' वर्ल्ड कप 11 जून से 19 जुलाई तक संयुक्त राज्य अमेरिका, मैक्सिको और कनाडा में खेला जाएगा। ब्राजील 13 जून को मोरक्को के खिलाफ ग्रुप सी अभियान शुरू करेगा, जिसके बाद 19 जून को हैती और 24 जून को स्कॉटलैंड का सामना करेगा। रोनाल्डो, जिन्होंने 2002 में ब्राजील को आखिरी वर्ल्ड कप जीत दिलाई थी, जब उन्होंने आठ गोल किए थे, जिसमें जर्मनी के खिलाफ फाइनल में दो गोल शामिल थे, उन्होंने कहा कि यह टूर्नामेंट देश को एकजुट करेगा। पूर्व बार्सिलोना और रियल मैड्रिड स्टार ने कहा, 'यह (वर्ल्ड कप) एक ब्राजीलियाई के लिए सबसे बड़ी खुशी है। यह एक ऐसा आयोजन है जो हमारे छठे खिताब की तलाश में ब्राज़ीलियाई लोगों को एक साथ लाएगा। मुझे लगता है कि हमें इस मौके का फायदा उठाना चाहिए।' रोनाल्डो ने कहा कि उन्होंने 2024 और 2025 में क्रमशः ब्राजील के क्रूजेरो और स्पेन के वलाडोलिड में अपनी अधिकांश हिस्सेदारी बेचने के बाद फुटबॉल क्लब के स्वामित्व से एक कदम पीछे हटने का फैसला किया है। 49 वर्षीय ने कहा, 'फुटबॉल टीमों से जुड़े प्रोजेक्ट्स के साथ मेरा कोई वित्तीय लक्ष्य नहीं था। मैं खुद का एक प्रोजेक्ट लीड करने का अनुभव लेना चाहता था, जिसमें मैं इंचार्ज रहूं, और यह बहुत बढ़िया था। लेकिन जब मुझे समझ आया कि क्लब्स को आगे बढ़ाने के लिए मुझे पीछे हटना होगा, तो उसी पल मैंने दोनों स्टेक बेचने का फैसला किया।' अब वह छोटे बिज़नेस वेंचर्स पर फोकस कर रहे हैं, जैसे साओ पाउलो में एक नए स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स की योजना जिसमें आर्टिफिशियल वेव पूल होंगे। उन्होंने कहा, 'जब मैंने वे दोनों टीमें बेचीं, तो मैंने तय किया कि कुछ समय के लिए मैं फुटबॉल इंडस्ट्री से ज्यादा शांत चीजें चाहता हूं।'

# विदेशी फंडिंग से संपत्तियां खरीदने पर रोक की कवायद

## यूपी में संपत्ति खरीदने पर पैन ज़रूरी

एजेंसी | लखनऊ

पिछले कुछ वर्षों में इंडो-नेपाल बॉर्डर से सटे जिलों में विदेशी फंडिंग के जरिए संपत्तियां खरीदे जाने की कई शिकायतें सामने आई हैं। सुरक्षा एजेंसियों ने आशंका जताई है कि इन फंड्स का इस्तेमाल देश विरोधी गतिविधियों और टेरर फंडिंग में किया जा सकता है।

उत्तर प्रदेश सरकार ने राज्य में अचल संपत्ति की खरीद-बिक्री को लेकर बड़ा फैसला लिया है। अब प्रदेश के किसी भी जिले में संपत्ति खरीदने या बेचने के लिए क्रेता और विक्रेता दोनों को पैन कार्ड देना अनिवार्य होगा। यह नियम खास तौर पर इंडो-नेपाल बॉर्डर से सटे इलाकों में विदेशी फंडिंग, बेनामी संपत्ति और संदिग्ध लेनदेन पर रोक लगाने के मकसद से लागू किया गया है। सरकार ने इस संबंध में सभी जिलों के अधिकारियों को साफ निर्देश जारी कर दिए हैं। अब रजिस्ट्री के समय पैन कार्ड के बिना कोई भी सौदा पूरा नहीं होगा। चाहे जमीन हो, मकान हो या कोई दूसरी अचल संपत्ति हर तरह के अनुबंध में पैन कार्ड की जानकारी देना जरूरी होगा। पिछले कुछ वर्षों में इंडो-नेपाल बॉर्डर से सटे जिलों में विदेशी फंडिंग के जरिए संपत्तियां खरीदे जाने की कई शिकायतें सामने आई हैं। सुरक्षा एजेंसियों की जांच में यह आशंका भी जताई गई कि इन फंड्स का इस्तेमाल देश विरोधी गतिविधियों और टेरर फंडिंग में किया जा सकता है। इसी को देखते हुए सरकार ने सख्त कदम उठाने का फैसला किया। सरकार का मानना है कि संपत्ति खरीद में पारदर्शिता लाने से न सिर्फ अवैध लेनदेन पर रोक लगेगी, बल्कि उन लोगों की पहचान भी हो सकेगी जो विदेशी पैसों के जरिए संपत्ति जमा



संपत्ति रजिस्ट्री के लिए पैन कार्ड अनिवार्य

कर रहे हैं। बीते साल यूपी एटीएस की एक जांच में संत कबीर नगर के रहने वाले मौलाना शमशुल हुदा खान का मामला सामने आया। जांच में पता चला कि वह कई सालों से लंदन में रह रहा था और ब्रिटेन की नागरिकता लेने के बावजूद 2007 से 2017 तक आजमगढ़ के एक मदरसे से तनख्वाह लेता रहा। एटीएस की रिपोर्ट में यह भी सामने आया कि मौलाना ने लंदन में रहते हुए पाकिस्तान की कई यात्राएं कीं और संदिग्ध संगठनों की बैठकों में हिस्सा लिया। आशंका जताई गई कि उसके आतंकी संगठनों से संपर्क हो सकते हैं। एटीएस की जांच के बाद आजमगढ़ और इंडो-नेपाल बॉर्डर से सटे श्रावस्ती जिले में मौलाना के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई। मामला विदेशी फंडिंग से जुड़ा होने के कारण ईडी ने भी जांच शुरू की। जांच में सामने आया कि मौलाना के अलग-अलग खातों में करीब चार करोड़ रुपये की विदेशी फंडिंग आई थी। इसी रकम से संत कबीर नगर के खलीलाबाद में मदरसा खोला गया और परिजनों के नाम पर कई संपत्तियां खरीदी गईं। ईडी ने मौलाना से जुड़े 18 खातों में जमा 94 लाख 27 हजार रुपये जब्त कर लिए और संपत्तियों को अटैच कर दिया। इन घटनाओं के बाद उत्तर प्रदेश सरकार ने फैसला लिया कि अब इंडो-नेपाल बॉर्डर के सात जिलों, जिनमें गोरखपुर, महाराजगंज, सिद्धार्थनगर, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच और लखीमपुर ही नहीं बल्कि पूरे प्रदेश में पैन कार्ड अनिवार्य किया जाएगा। ऑनलाइन रजिस्ट्री सिस्टम में भी बदलाव किया गया है, ताकि पैन कार्ड की जानकारी डाले बिना रजिस्ट्री आगे न बढ़ सके। इससे हर सौदे का डिजिटल रिकॉर्ड भी सुरक्षित रहेगा।

# चीन से हारकर भारतीय महिला टीम बैडमिंटन एशिया टीम चैम्पियनशिप से बाहर

एजेंसी | किंगदाओ



पिछली चैम्पियन भारतीय महिला टीम बैडमिंटन एशिया टीम चैम्पियनशिप के क्वार्टर फाइनल में शुक्रवार को दूसरे दर्जे की चीन की टीम से 0-3 से हारकर बाहर हो गई। भारत ने 2024 में इस टूर्नामेंट में स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रचा था लेकिन इस बार पी वी सिंधू के नहीं खेलने से भारत की संभावनाओं को धक्का लगा।

टूर्नामेंट में इससे पहले दो मैच जीत चुकी दुनिया की 42वें नंबर की खिलाड़ी तन्वी शर्मा दसवीं रैंकिंग वाली गाओ फांग जिसे एकतरफा मुकाबले में 9-21, 9-21 से हार गई। गायत्री गोपीचंद और त्रिसा जॉली की जोड़ी ने जुझारू खेल दिखाया लेकिन दुनिया की चौथे नंबर की जोड़ी जिया यि फान और झांग शू शियान से 22-24, 18-21 से पराजय का सामना करना पड़ा। रक्षिता रामराज दूसरे एकल में शू वेन जिंग से 70 मिनट के मुकाबले में 14-21, 21-15, 17-21 से हार गई। भारत ने टूर्नामेंट के पहले मुकाबले में म्यामांर को 5-0 से हराया था लेकिन थाईलैंड से 2-3 से हार गई थी। भारतीय पुरूष टीम क्वार्टर फाइनल में दक्षिण कोरिया से खेलेगी।

## बढ़ रहा है आसमान के 'बरमूडा ट्रायंगल' का आकार

# सैटेलाइट पर मंडरा रहा खत्म होने का खतरा

एजेंसी | नई दिल्ली

पृथ्वी के इनर स्पेस में दक्षिण अटलांटिक के ऊपर एक ऐसा पॉइंट है, जिसके नजदीक जैसे ही कोई सैटेलाइट जाता है वो नष्ट हो जाता है। यहां पृथ्वी की चुंबकीय ढाल कमजोर हो जाती है। इस वजह से उपग्रह निष्क्रिय हो जाते हैं। ये दक्षिण अटलांटिक एनोमली (विसंगति) पृथ्वी के चुंबकीय क्षेत्र में एक कमजोर बिंदु है जो सैटेलाइट तकनीक में बाधा उत्पन्न करता है और बड़ी खराबी का कारण बनता है। वैज्ञानिकों ने पाया है कि ऐसी घटनाएं तेजी से बढ़ रही है। 2014 से, इसका क्षेत्रफल महाद्वीपीय यूरोप के आधे आकार के बराबर हो गया है। चौंकाने वाले शोध ने हमारे ग्रह के सुरक्षा कवच में लगातार बढ़ते हुए खालीपन को उजागर किया है और यह उपग्रहों को टुकड़े-टुकड़े कर रहा है। दक्षिण अटलांटिक विसंगति (एसएए) की खोज सर्वप्रथम 1800 के दशक में हुई थी। आज भी यह अराजकता का स्रोत बना हुआ है। मार्च 2016 में जापान की हितोमी (एस्ट्रो-एच) एक्स-रे वेधशाला अनियंत्रित रूप से घूमने के कारण नष्ट हो गया था। इस कारण लगभग 273 मिलियन डॉलर का नुकसान हुआ था। एक दशक बाद भी, एसएए अंतरिक्ष में बस्ती बसाने के प्रयासों में बाधा डालना जारी रखे हुए है। आसान शब्दों में कहें तो, एसएए हमारे ग्रह के मैग्नेटिक शील्ड में एक कमजोर कड़ी है। इससे सैटेलाइट प्रणालियां बाधित होती हैं और गंभीर खराबी उत्पन्न होती है। मिरर की रिपोर्ट के अनुसार, हमारे ग्रह का मैग्नेटिक फील्ड हमारे लिए और पृथ्वी पर मौजूद प्रत्येक जीव के लिए आवश्यक है, क्योंकि यह हमें ब्रह्मांडीय विकिरण और सूर्य से आने वाले विद्युत आवेशित कणों से बचाता है। यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी (ईएसए) के स्वार्म सैटेलाइट नेटवर्क से प्राप्त 10 वर्षों से अधिक के चुंबकीय क्षेत्र डेटा का इस्तेमाल करते हुए, शोधकर्ताओं ने चिंताजनक रूप से पाया है कि यह घटना बढ़ रही है। 2014 से, इस क्षेत्र का क्षेत्रफल बढ़कर लगभग महाद्वीपीय यूरोप के आधे के बराबर हो गया है।हमारी पृथ्वी का मैग्नेटिक फील्ड पिघले हुए लोहे से बना है, जो सतह से लगभग 3000 किलोमीटर नीचे पृथ्वी के बाहरी कोर के रूप में कार्य करता है। यह पिघला हुआ लोहा विद्युत धाराएं उत्पन्न करता है, जो बदले में एक इलेक्ट्रो मैग्नेटिक फील्ड का निर्माण करती हैं। ईएसए के स्वार्म में एक जैसे सैटेलाइट शामिल हैं जो पृथ्वी के चुंबकीय संकेतों को मापते हैं। स्वार्म मिशन ने खुलासा किया है कि एसएए के विस्तार के अलावा, अफ्रीका के दक्षिण-पश्चिम में अटलांटिक महासागर के एक क्षेत्र में 2020 के बाद से पृथ्वी के मैग्नेटिक फील्ड में और भी तेजी से कमजोरी देखी गई है।

## फेडकप 2026 चयन विवादः सीमित ट्रायल नीति कुश्ती में निष्पक्षता-टैलेंट के विकास दोनों के खिलाफ

# विनेश फोगाट ने हरियाणा कुश्ती संघ पर साधा निशाना

एजेंसी | जोधपुर



स्टार भारतीय पहलवान विनेश फोगाट ने फेडरेशन कप 2026 के चयन को लेकर हरियाणा कुश्ती संघ के खिलाफ कड़ा रुख अपनाया है। उन्होंने चयन मानदंडों को "अनुचित" बताते हुए कहा कि मौजूदा नियम न सिर्फ भेदभावपूर्ण हैं, बल्कि कई प्रतिभाशाली पहलवानों के करियर पर भी खतरा बन सकते हैं। विनेश का मानना है कि सीमित ट्रायल नीति भारतीय कुश्ती में निष्पक्षता और नए टैलेंट के विकास दोनों के खिलाफ है।

**चयन मानदंडों पर विनेश की कड़ी आपत्ति**

विनेश फोगाट ने हरियाणा कुश्ती संघ के उस फैसले पर सवाल उठाए, जिसमें फेड कप 2026 के ट्रायल केवल 2025 के सीनियर राज्य पदक विजेताओं और 2025 में अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले पहलवानों तक सीमित कर दिए गए हैं। उनका कहना है कि इस नीति ने हजारों मेहनती खिलाड़ियों को बिना किसी ठोस कारण के बाहर कर दिया है।

**2024 के राष्ट्रीय पदक विजेताओं को बाहर क्यों?**

विनेश ने खास तौर पर इस बात पर नाराजगी जताई कि 2024 के राष्ट्रीय पदक विजेताओं को चयन प्रक्रिया से बाहर रखा गया है। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या एक साल पहले देश के लिए पदक जीतने वाले पहलवान अचानक अयोग्य हो जाते हैं। उनके मुताबिक, यह फैसला प्रदर्शन आधारित चयन की मूल भावना के खिलाफ है।

**उम्र सीमा और चोट से जूझ रहे पहलवानों की अनदेखी**

फोगाट ने यह भी कहा कि उम्र सीमा के कारण 2025 सीनियर नेशनल में हिस्सा न ले पाने वाले पहलवान 2026 में पूरी तरह योग्य हैं, फिर भी उन्हें मौका नहीं दिया जा रहा। इसके अलावा, चोटिल खिलाड़ियों को भी चयन से बाहर कर दिया गया है, जो उनके अनुसार अन्यायपूर्ण है क्योंकि चोट खेल का हिस्सा होती है, अपराध नहीं।

**"ये टूर्नामेंट हर खिलाड़ी का सपना होते हैं"**

विनेश ने जोर देकर कहा कि एशियाई खेल, विश्व चैंपियनशिप और फेडरेशन कप जैसे इवेंट हर पहलवान के करियर के लिए बेहद अहम होते हैं। उनका मानना है कि मौजूदा चयन नीति खिलाड़ियों के भविष्य पर समय से पहले ब्रेक लगाने जैसा है और सालों की मेहनत को बेकार कर देती है।

**निष्पक्ष ट्रायल की कमी से रुक रहा नया टैलेंट**

स्टार पहलवान ने राज्य स्तर पर निष्पक्ष ट्रायल न होने को भारतीय कुश्ती की सबसे बड़ी समस्या बताया। उनके अनुसार, जब खिलाड़ियों को खुद को साबित करने का मौका ही नहीं मिलेगा, तो देश के लिए नई प्रतिभाएं सामने कैसे आएंगी।

**ओपन ट्रायल की जोरदार मांग**

विनेश फोगाट ने खुलकर ओपन ट्रायल की वकालत की। उन्होंने कहा कि असली टैलेंट सिर्फ मैट पर पहचाना जा सकता है, न कि कागजी मानदंडों से। किसी खिलाड़ी को ट्रायल का मौका न देना उसके साथ सबसे बड़ा अन्याय है।

# वैभव सूर्यवंशी की टीम इंडिया में एंट्री दूर नहीं

## IPL हो या अंडर-19 हर जगह किया कमाल

समर न्यूज | मुंबई

भारतीय क्रिकेट में इस समय अगर किसी नाम ने सबसे ज्यादा चर्चा बटोरी है, तो वह है वैभव सूर्यवंशी। अंडर-19 क्रिकेट से लेकर इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) तक लगातार शानदार प्रदर्शन, आक्रामक बल्लेबाजी और दबाव में मैच जिताने की क्षमता ने उन्हें भारतीय क्रिकेट का अगला बड़ा सितारा बना दिया है। क्रिकेट विशेषज्ञों और चयनकर्ताओं की नजरें अब उन पर टिक चुकी हैं और टीम इंडिया में उनकी एंट्री को सिर्फ समय की बात है।

14 साल के वैभव सूर्यवंशी ने अपने करियर की शुरुआत में ही यह संकेत दे दिया कि वो लंबे समय तक भारतीय क्रिकेट में अपनी छाप छोड़ सकते हैं। अंडर-19 और घरेलू क्रिकेट उन्होंने जिस तरह लगातार रन बनाए, बड़े स्कोर खड़े किए और मैच की स्थिति के अनुसार बल्लेबाजी की, उसने सभी का ध्यान खींचा है। तेज स्ट्राइक रेट के साथ टिककर खेलने की क्षमता और दबाव में जिम्मेदारी लेना उनके खेल की सबसे बड़ी ताकत बनकर सामने आई है। आईसीसी पुरुष अंडर-19 वर्ल्ड कप 2026 के फाइनल में वैभव सूर्यवंशी ने इंग्लैंड के खिलाफ जैसी बल्लेबाजी की, वो फैन्स काफी सालों तक नहीं भूलेंगे। वैभव ने शुरुआत में तो संभलकर बैटिंग की, लेकिन एक बार नजरें जमाने के बाद छक्के-चौकों की बारिश कर डाली। वैभव ने सिर्फ 80 गेंदों पर 175 रन बनाए, जिसमें 15 छक्के और 15 चौके शामिल रहे। वैभव ने इस हाईवोल्टेज मुकाबले में जैसा इंटेट दिखया, वो काबिलेतारीफ रहा। वैभव ने इससे पहले अफगानिस्तान के खिलाफ सेमीफाइनल में भी तूफानी 68 रन बनाए थे। इस पूरे वर्ल्ड कप में वैभव सूर्यवंशी ने 7 मैचों में 62।71 की औसत और 169।49 के स्ट्राइक रेट से 439 रन बनाए। वैभव से ज्यादा रन सिर्फ इंग्लैंड के बेन मेस (444 रन) बना सके। देखा जाए तो वैभव यूथ ओडीआई में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय बल्लेबाज बन चुके हैं। वैभव ने 25 मैचों में 56।48 की औसत से 1412 रन बनाए हैं। इस दौरान उनके बल्ले से 4 शतक और 7 अर्धशतक निकले। वैभव सूर्यवंशी घरेलू क्रिकेट में बिहार का प्रतिनिधित्व करते हैं और लगातार अपने प्रदर्शन से टीम को मजबूती दे रहे हैं। वैभव का करियर बेहद कम उम्र से ही सुर्खियों में रहा है।

उन्होंने महज 12 साल की उम्र में रणजी ट्रॉफी में डेब्यू किया और 13 साल की उम्र में IPL कॉन्ट्रैक्ट हासिल कर लिया। IPL में शतक जड़कर वह टी20 क्रिकेट में सबसे कम उम्र के शतकवीर भी बन गए। इतनी कम उम्र में इतनी बड़ी उपलब्धियां हासिल करना उनकी प्रतिभा और मानसिक मजबूती को दर्शाता है। IPL जैसे हाईप्रेशर टूर्नामेंट में अनुभवी और अंतरराष्ट्रीय स्तर के गेंदबाजों के खिलाफ आत्मविश्वास के साथ खेलना किसी भी युवा बल्लेबाज के लिए आसान नहीं होता। लेकिन वैभव ने अपने शॉट सेलेक्शन, टाइमिंग और मैच की जरूरत के अनुसार खेलने की समझ से यह साबित कर दिया कि वह मानसिक रूप से बेहद मजबूत हैं। उनकी बल्लेबाजी में जल्दबाजी नहीं, बल्कि स्थिति के अनुसार संयम और आक्रामकता का संतुलन नजर आता है।

पिछले साल ऑस्ट्रेलिया दौरे पर टेस्ट सीरीज के दौरान उन्होंने तीन पारियों में 133 रन बनाए, जिसमें पहले मैच में 86 गेंदों पर 113 रन की शानदार पारी शामिल थी। वहीं इंग्लैंड दौरे पर अंडर-19 वनडे सीरीज में उन्होंने 71।00 की औसत से 355 रन बनाए। फिर एशिया कप राइजिंग स्टार्स 2025, अंडर-19 एशिया कप 2025 और इस साल जनवरी में साउथ अफ्रीका दौरे पर भी वैभव का बल्ला जमकर बोला। इन प्रदर्शनों ने साबित कर दिया कि वैभव सिर्फ प्रतिभाशाली ही नहीं, बल्कि बड़े मंच पर प्रदर्शन करने का माद्दा भी रखते हैं। वैभव सूर्यवंशी ने अब तक 8 फर्स्ट क्लास, 8 लिस्ट-ए और 18 टी20 मुकाबले खेले हैं। फर्स्ट क्लास क्रिकेट में उन्होंने 17।25 की औसत और एक अर्धशतक की मदद से 207 रन बनाए हैं।जबकि लिस्ट-ए क्रिकेट में 44।12 की औसत से 353 रन स्कोर किए, जिसमें एक अर्धशतक और एक शतक शामिल थे। टी20 क्रिकेट में उनका प्रदर्शन काफी दमदार रहा है। उन्होंने टी20 क्रिकेट में 41।23 की औसत से 701 रन बनाए हैं। इस दौरान उनके बल्ले से 3 शतक और 1 अर्धशतक निकले। टी20 में उनका स्ट्राइक रेट 200 से ज्यादा रहा है, जो उनकी विस्फोटक बल्लेबाजी को दर्शाता है। भारतीय क्रिकेट ने यूथ स्तर से कई बड़े सितारे दिए हैं।

# सेना के भवन, संस्थान, सड़कें शहीदों के नाम से जाने जाएंगे

समर न्यूज | देहरादून

देहरादून स्थित भारतीय सैन्य अकादमी में कॉलिन्स ब्लॉक का नाम नुब्रा ब्लॉक और किंग्सवे ब्लॉक का नाम कारगिल ब्लॉक रखा गया है। इसके अलावा, रंगापहाड़ मिलिट्री स्टेशन के खेल परिसर का नाम लशराम ज्योतिन सिंह स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स और जाखामा मिलिट्री स्टेशन की स्पीयर लेक रोड का नाम हंगपन दादा मार्ग किया गया है।

भारतीय सेना ने गुलामी के कालखंड से जुड़े प्रतीकों को हटाने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए देशभर की छावनियों और सैन्य संस्थानों में ब्रिटिश दौर के 246 नाम बदल दिए हैं।

रक्षा अधिकारियों के अनुसार, यह फैसला भारत के सैन्य नायकों, वीरता पुरस्कार विजेताओं और विशिष्ट सैन्य नेतृत्व को सम्मान देने के उद्देश्य से लिया गया है। इस नामकरण प्रक्रिया के तहत 124 सड़कों, 77 आवासीय कॉलोनियों, 27 इमारतों व सैन्य सुविधाओं और 18 अन्य संपत्तियों- जैसे पार्क, ट्रेनिंग जोन, खेल मैदान, गेट और हेलिपैड के नाम बदले गए हैं। दिल्ली कैंट में किर्बी प्लेस को अब केनुगुरुसे विहार और मॉल रोड को अरुण खेतरपाल मार्ग नाम दिया गया है। अंबाला कैंट की पैटरसन रोड क्वार्टर्स अब धन सिंह थापा एन्क्लेव कहलाएगी।

इसी तरह मथुरा कैंट में न्यू हॉर्न लाइन का नाम बदलकर वीर अब्दुल हमीद लाइंस किया गया है, जबकि जयपुर कैंट की क्वीन्स लाइन रोड अब सुंदर सिंह मार्ग होगी। बरेली कैंट की न्यू बर्डवुड लाइन को थिमैया कॉलोनी, और महू कैंट की मैल्कम लाइंस को पीरू सिंह लाइंस नाम दिया गया है। देहरादून स्थित भारतीय सैन्य अकादमी (IMA) में कॉलिन्स ब्लॉक का नाम नुब्रा ब्लॉक और किंग्सवे ब्लॉक का नाम कारगिल ब्लॉक रखा गया है। इसके अलावा, रंगापहाड़ मिलिट्री स्टेशन के खेल परिसर का नाम लशराम ज्योतिन सिंह स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स और जाखामा मिलिट्री स्टेशन की स्पीयर लेक रोड का नाम हंगपन दादा मार्ग किया गया है।

यह पहल वर्ष 2021 में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह द्वारा प्रस्तावित की गई थी। उन्होंने भारतीय सैन्य प्रतिष्ठानों से ब्रिटिश क्राउन के प्रति निष्ठा रखने वाले अधिकारियों से जुड़े नामों को हटाकर भारतीय वीर सैनिकों और राष्ट्र निर्माताओं के नाम पर रखने की बात कही थी। साथ ही यह भी स्पष्ट किया गया था कि जिन ब्रिटिश अधिकारियों का स्थानीय समाज में सकारात्मक योगदान रहा है। उनके नाम सम्मानपूर्वक बनाए रखे जाएंगे।

# ट्यूशन सेंटर पर परिजनों का हमला स्टाफ को घंटों तक बनाया बंधक

## पेट पर मारी लातें, पूर्व छात्र व उसके परिजनों पर आरोप, मामला दर्ज

सौरव अरोड़ा | लुधियाना
समर न्यूज़

लुधियाना में एक ट्यूशन सेंटर संचालिका के साथ बदसलूकी, मारपीट और जातिसूचक शब्दों के इस्तेमाल का गंभीर मामला सामने आया है। आरोप है कि सेंटर में पढ़ने वाले एक छात्र और उसके परिजनों ने मिलकर हमला किया। घटना की सीसीटीवी वीडियो भी सामने आई है, जिसमें आरोपी टीचर के ऑफिस में घुसकर मारपीट करते नजर आ रहे हैं।

जानकारी के मुताबिक, करीब 50 से ज्यादा लोगों ने टीचर, उसके पति और स्टाफ को घंटों तक ट्यूशन सेंटर में बंधक बनाए रखा। थाना पीएयू पुलिस ने आरोपी छात्र और उसके परिजनों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। सीसीटीवी में कैप्चर आरोपी छात्र की मां, बहनें, पिता और अन्य सहयोगी टीचर के दफ्तर में घुसकर उसे धमकाते और पीटते दिखाई दे रहे हैं। कुछ लोग टेबल पर चढ़कर टीचर के पेट में टांगें मारते नजर आए, जबकि उसे धक्का देकर जमीन पर गिरा दिया गया। टीचर के पति ने मिन्नतें कर किसी तरह पत्नी और स्टाफ को बचाया।



हंगामा करते हुए लोग। -समर न्यूज़

पीड़िता सोनिया ने बताया कि वह अपने पति सचिन अरोड़ा और बहन ज्योति प्रीत राय के साथ एबिस मार्केट की दूसरी मंजिल पर स्थित 'विद्या विंग एसएसएफ' नाम से ट्यूशन सेंटर चलाती है। छुट्टी के समय वह नीचे खड़ी होकर बच्चों को सुरक्षित घर भेजती है।

20 दिन से स्टूडेंट सेंटर में पढ़ने के लिए नहीं आ रहा इसकी माता ने कहा था कि बच्चा बीमार है। बच्चा लड़कों को वीडियो दिखाकर हंस रहा था और लड़कियों की ओर गलत इशारे कर रहा था। सोनिया ने उसे घर जाकर पढ़ाई करने की सलाह दी। इससे नाराज होकर वह चला गया और कुछ ही देर में अपने परिजनों के साथ वापस पहुंचा।

सोनिया का आरोप है कि छात्र के परिजनों ने आते ही गाली-गलौज शुरू कर दी और फिर हमला कर दिया। एक लड़की टेबल पर चढ़कर मारपीट करने लगी। करीब तीन घंटे तक आरोपी लोगों को बुलाते रहे और सभी को इंस्टीट्यूट में बंधक बनाए रखा। डीवीआर तक लूटने की कोशिश की गई।

सोनिया के पति सचिन अरोड़ा ने बताया कि पत्नी की चीखें सुनकर वह उसके ऑफिस से दौड़कर पहुंचे तो देखा कि उसे जमीन पर गिराकर पीटा जा रहा था। उन्होंने पत्नी को अपने पीछे खड़ा कर बचाने की कोशिश की, लेकिन हमलावर लगातार उस पर हाथ उठाने का प्रयास करते रहे।

आरोप है कि हमलावरों ने जान से मारने की धमकियां भी दीं। छात्र ने यहां तक कहा कि उसके चाचा ने चार हत्याएं की हैं और वह भी आने वाले हैं।

थाना पीएयू पुलिस ने इस मामले में आरोपी छात्र अमन धीर, रीतिका धीर, अमित धीर, मुस्कान धीर, काहन की बड़ी बहन और गौरव जैन को नामजद किया है। हालांकि अभी तक गिरफ्तारी न होने से पीड़ित परिवार दहशत में है। शिक्षिका का कहना है कि जब पढ़ाने की जगह ही सुरक्षित नहीं होगी तो बच्चों को कैसे पढ़ाया जाएगा।

# केंद्रीय बजट 2026 विकसित भारत की दिशा में ऐतिहासिक कदम : डॉ. नरेंद्र सिंह रैना

## कहा 'सबका साथ, सबका विकास' की भावना को ज़मीन पर उतारने वाला बजट

दलजीत विक्की | लुधियाना
समर न्यूज़



जानकारी देते हुए डॉ नरेंद्र सिंह रैना। -समर न्यूज़

डॉ. नरेंद्र सिंह रैना ने केंद्रीय बजट 2026 को "विकसित भारत" के लक्ष्य की दिशा में एक मजबूत और दूरदर्शी कदम बताते हुए कहा कि यह "सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास" की मूल भावना को आगे बढ़ाता है।

लुधियाना स्थित भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में पार्टी कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों के साथ बैठक के दौरान उन्होंने बजट की प्रमुख विशेषताओं पर विस्तार से चर्चा की। पत्रकारों से बातचीत में डॉ. रैना ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पेश यह बजट न केवल वर्तमान जरूरतों को पूरा करता है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी नए अवसरों का निर्माण करता है। उन्होंने कहा कि वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं के बावजूद भारत की अर्थव्यवस्था मजबूत बनी हुई है और यह बजट आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को और गति देगा। डॉ. रैना ने ईपीएफओ और श्रम सुधारों का उल्लेख करते हुए बताया कि ऑनलाइन पीएफ क्लेम सेटलमेंट अब औसतन आठ दिनों में पूरा हो रहा है, नए नियमों के तहत पीएफ बैलेंस का 75 प्रतिशत तक निकासी संभव है, महिलाओं के लिए सुरक्षित कार्यस्थल और समान वेतन सुनिश्चित करने के प्रावधान किए गए हैं तथा न्यूनतम वेतन से जुड़े कदमों से श्रमिकों को सम्मान, सुरक्षा और स्थिरता मिलेगी। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच बढ़ाने की प्रतिबद्धता इस तथ्य से झलकती है कि बीते 12 वर्षों में स्वास्थ्य बजट में 176 प्रतिशत की वृद्धि हुई है और वर्ष 2026 में इसके लिए 1.05 लाख करोड़ रुपये से अधिक का आवंटन किया गया है।

पंजाब के लिए रेलवे बजट में अभूतपूर्व वृद्धि का हवाला देते हुए उन्होंने फिरोजपुर–तरनतारन रेल ट्रैक और हरिके पुल जैसी परियोजनाओं का जिक्र किया। डॉ. रैना ने एमएसएमई, इंफ्रास्ट्रक्चर, शिक्षा और तकनीक के लिए किए गए प्रावधानों को ऐतिहासिक बताया और अंत में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण व उनकी पूरी टीम का आभार व्यक्त किया। बैठक में पार्टी के कई वरिष्ठ पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# लुधियाना में ज्ञान महोत्सव सेमिनार का भव्य एवं सफल आयोजन



सेमिनार के दौरान फोटो खिंचवाते हुए। -समर न्यूज़

समर न्यूज़ | लुधियाना : लुधियाना में डिस्ट्रिक्ट टैक्सेशन बार एसोसिएशन (सेल्स टैक्स), टैक्सेशन बार एसोसिएशन (इनकम टैक्स) लुधियाना तथा ऑल इंडिया फेडरेशन ऑफ टैक्स प्रैक्टिशनर्स (नॉर्थ ज़ोन) के संयुक्त तत्वावधान में "ज्ञान महोत्सव" नामक एक भव्य एवं ज्ञानवर्धक सेमिनार का सफल आयोजन किया गया।सेमिनार में अमृतसर से प्रसिद्ध जीएसटी विशेषज्ञ सीए आंचल कपूर, दिल्ली से आयकर विशेषज्ञ सीए विपिन गर्ग तथा चंडीगढ़ से वरिष्ठ अधिवक्ता संदीप गोयल ने मुख्य वक्ता के रूप में भाग लिया। वक्ताओं ने टैक्स सुधारों, नवीन कानूनों और व्यावहारिक समस्याओं पर विस्तार से जानकारी दी।सेमिनार में उपस्थित अधिवक्ताओं एवं टैक्स प्रैक्टिशनर्स ने विषयों को अत्यंत उपयोगी बताते हुए वक्ताओं की प्रस्तुति की सराहना की। सेमिनार की सफलता सुनिश्चित करने के लिए पूर्व में आयोजित बैठक में डिस्ट्रिक्ट टैक्सेशन बार एसोसिएशन के प्रधान साकेत गर्ग, वाइस प्रेसिडेंट विवेक शर्मा, सेक्रेटरी नरेश गाबा, फाइनेंस सेक्रेटरी लविश ढींगरा सहित विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# गेम्स, म्यूजिक, डांस और मस्ती के संगम से कैंपस बना उत्सव स्थल

अरूण कुमार | लुधियाना
समर न्यूज़

गुरु नानक खालसा कॉलेज फॉर वुमन, गुजरखान कैंपस, मॉडल टाउन में आयोजित एलुमनाई कार्निवल यादों, संगीत और उत्साह से भरा रहा। इस भव्य आयोजन में कॉलेज की पूर्व छात्राएं बड़ी संख्या में शामिल हुईं और अपने कॉलेज जीवन की सुनहरी यादों को एक-दूसरे के साथ साझा किया। कार्यक्रम में हर ओर अपनापन और खुशी का माहौल नजर आया। पूर्व छात्राओं ने न सिर्फ पुराने दिनों को याद किया, बल्कि कॉलेज के साथ अपने भावनात्मक जुड़ाव को भी खुलकर व्यक्त किया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि नगर निगम लुधियाना की पार्षद भवनीत कौर रहीं। उन्होंने कहा कि शैक्षणिक संस्थान समाज निर्माण में अहम भूमिका निभाते हैं।

## लुधियाना में सतलुज बांध के पास रेत खनन पर विवाद बढ़ा

# ग्रामीणों ने रोके रेत के भरे टिप्पर, ठेकेदार और ग्रामीण आमने-सामने

दीपक कुमार | माछीवाड़ा
समर न्यूज़

पंजाब के लुधियाना जिले में सतलुज बांध के पास रेत खनन को लेकर शनिवार शाम ग्रामीणों और रेत ठेकेदारों के बीच विवाद हो गया। माछीवाड़ा साहिब के गांव ईसापुर के नजदीक ग्रामीणों ने रेत से भरे टिप्परों को रोक दिया। इसको लेकर विवाद हुआ। ग्रामीणों ने अवैध खनन और ठेकेदारों पर मनमानी का आरोप लगाया। ग्रामीणों की अगुवाई कर रहे परमजीत सिंह और मनराज सिंह लुबानगढ़ ने बताया कि रेत निकालने का यह रास्ता उनके गांवों से होकर गुजरता है। उन्होंने कहा कि उन्होंने इस रास्ते के लिए स्टे-ऑर्डर ले रखा है, क्योंकि यह बांध उनकी जमीन में बना हुआ है और इसका मामला माननीय अदालत में विचाराधीन है। जानकारी के अनुसार, रेत कारोबारियों ने गांव मंडाला (जो नवांशहर जिले में पड़ता है) की जमीन में सतलुज दरिया से रेत निकालने का काम शुरू किया था। जैसे ही आसपास के गांवों के लोगों को इसकी सूचना मिली, वे सतलुज बांध पर इकट्ठा हो गए और रेत ले जा रहे टिप्परों को रोक लिया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि रेत ठेकेदार अदालत में अपना पक्ष रखने के लिए नहीं जा रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि वे किसी भी कीमत पर इस बांध से रेत के टिप्परों को नहीं गुजरने देंगे। मौके पर पहुंचे रेत ठेकेदारों के प्रतिनिधियों ने बताया कि उन्हें रेत उठाने की अनुमति मिली हुई है। उन्होंने दावा किया कि एसडीओ ने खुद आकर रेत निकालने का काम शुरू करवाया हैं। ग्रामीण जानबूझकर परेशान कर रहे हैं। वे नियमों के अनुसार काम कर रहे हैं। अगर विरोध इसी तरह चलता रहा तो वे काम बंद कर देंगे। जब इस संबंध में माइनिंग एसडीओ साहिल पठानीय से बात की गई तो उन्होंने बताया कि रेत उठाने का काम मेरे द्वारा ही शुरू करवाया गया है। उन्होंने कहा कि काम शुरू किए जाने की सभी परमिशन ठेकेदारों के पास हैं। उन्होंने कहा रेत के टिप्पर बांध से निकलने की आज्ञा लेने की ज़रूरत नहीं है, वो निकल सकते हैं। उन्होंने कहा कि रेत ठेकेदारों को ये निर्देश दिए गए हैं कि यदि बांध का कोई नुकसान होगा तो ठेकेदारों द्वारा ठीक करवाया जाएगा। रेत ठेकेदारों की ओर से सरबजीत सिंह ने बताया कि यदि गांववासी विरोध जताएंगे, तो हम काम बंद कर देंगे। किसी भी हालत में लोगों को ठेस पहुंचने नहीं देंगे। उन्होंने कहा गांववासियों के साथ बैठक की जाएगी, अगर गांववासी आज्ञा देंगे, तो ही काम चलाएंगे, उतनी देर तक काम पर रोक लगा दी गई है।



रेत से भरा टिप्पर। -समर न्यूज़

### रेत ठेकेदारों ने विधायक की बात को किया अनदेखा

पिछले दिनों में इसी जगह गांववासियों के साथ हल्का विधायक जगतार सिंह दयालपुरा की एक विशाल बैठक हुई थी, जिस में उन्होंने लोगों की समस्याओं को सुना था। विधायक ने उस समय ये स्पष्ट किया था कि रेत माइनिंग वैध हो या अवैध, वो अपने क्षेत्र में किसी कीमत पर नहीं होने देंगे। लेकिन आज उनकी बात को अनदेखा कर रेत ठेकेदारों ने रेत उठाने का काम शुरू कर दिया।

# 150 बच्चों के लिए उम्मीद की नई किरण बना लीफोर्ड फ्री इवनिंग स्कूल




समर न्यूज़ | लुधियाना : शिक्षा और सामुदायिक सशक्तिकरण के एक भावनात्मक और प्रेरणादायक अवसर पर, लीफोर्ड फ्री इवनिंग स्कूल - जो एनजीओ इनिशिएटर्स ऑफ चेंज और लीफोर्ड हेल्थकेयर लिमिटेड की संयुक्त पहल है का आज 200 फीट रोड, लुधियाना में औपचारिक उद्घाटन किया गया। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में नगर निगम लुधियाना ज्वाइंट कमिश्नर जसदेव सिंह सेखों,सीएफओ, लीफोर्ड हेल्थकेयर लिमिटेड से सारिका गुप्ता था चेयरमैन, इनिशिएटर्स ऑफ चेंज गौरवदीप सिंह उपस्थित रहे। इस अवसर ने एक ऐसे परिवर्तनकारी अभियान की औपचारिक शुरुआत की, जिसका उद्देश्य आसपास के गांवों के लगभग 150 जरूरतमंद बच्चों को निःशुल्क शिक्षा, यूनिफॉर्म, किताबें और स्कूल बैग उपलब्ध कराना है। कार्यक्रम उत्साह और भावनाओं से परिपूर्ण रहा। विद्यालय के विद्यार्थियों ने गीत, भाषण और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से लीफोर्ड हेल्थकेयर के प्रति अपना आभार व्यक्त किया। उनकी भावनात्मक अभिव्यक्ति और जीवंत प्रस्तुतियों ने न केवल उनकी प्रतिभा को प्रदर्शित किया, बल्कि इस पहल से उनमें जागी नई आशा को भी दर्शाया। इस प्रकार की साझेदारी ही समाज की वास्तविक आवश्यकता है।

# नीलकंठ सेवा सोसायटी का 10वां विशाल वार्षिक उत्सव



गणमान्यों को सम्मानित करते सोसायटी के सदस्य। -समर न्यूज़

दलजीत विक्की | लुधियाना
समर न्यूज़

नीलकंठ सेवा सोसायटी की ओर से महाशिवरात्रि के पावन पर्व के उपलक्ष्य में 10वें विशाल वार्षिक उत्सव का आयोजन 8 फरवरी को जस्सीयां रोड, सुनील नगर में किया गया। वार्षिक उत्सव के उपलक्ष्य में सोसायटी की ओर से विशाल रथयात्र शनिवार को जस्सीयां रोड, शिव मंदिर वाली गली से निकाली गई।रथयात्र का शुभारंभ सोसायटी के सदस्यों ने पूजन कर किया। रथयात्र सुनील नगर, जस्सीयां रोड स्थित शिव मंदिर से शुरू होकर विभिन्न इलाकों से होती हुई वापिस मंदिर में आकर संपन्न हुई।मार्ग में श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा, स्वागती द्वार तथा लंगर लगा कर रथयात्र का भव्य स्वागत किया। रथयात्र में महानगर की विभिन्न राजनीतिक, सामाजिक, धार्मिक व व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधि विशेष रूप से शामिल हुए। सोसयटी के सदस्यों ने आए हुए अतिथियों को सम्मानित किया।

## माता पिता के संस्कार व मामा की प्रेरणा से विदेशी धरती पर धर्म प्रति अडिग रहा : अंशुमन डावर

# कनाडा से लौट सर्वप्रथम श्री बालाजी दरबार में हुए नतमस्तक

लक्की भट्टी | लुधियाना
समर न्यूज़






अधिकांश रूप से देखा गया है कि हम अपने बच्चों को विदेशों में पढ़ने के लिए भेजते है परन्तु अधिकतर बच्चे विदेशी कल्चर को अपना कर भारत की संस्कृति व सनातन धर्म से दूर हो रहे है जोकि वेहद चिंता का विषय है परन्तु कुछ विरले बच्चे विदेशी धरती पर रह कर भी अपनी संस्कृति ,संस्कार को संभाले हुए है और विदेश में रह कर भी अपने सनातन धर्म का निष्ठा से पालन कर रहे है इनमें से ही एक होनहार स्टूडेंट है अंशुमन डावर जोकि कैनेडा पढ़ाई करते हुए भी अपने धर्म प्रति अडिग है और विदेशी धरती पर भी सनातन धर्म का प्रचार कर रहा है।

लुधियाना आने पर सर्वप्रथम अंशुमन डावर सिद्ध पीठ महाबली संकटमोचन श्री हनुमान दरबार में नतमस्तक हुए व श्री बालाजी महाराज जी का आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर मंदिर के प्रधान अमन जैन ,चेयरमैन ऋषि जैन व उपप्रधान अनुज मदान ने अंशुमन डावर का विशेष रूप से सम्मान किया। अमन जैन ने कहा कि अंशुमन डावर हमारे मंदिर के उपप्रधान अनुज मदान का भांजा है परन्तु अपने मामा जी की तरह ही उनमें सनातन धर्म प्रति पूर्ण स्नेह व निष्ठा है और विदेश में भी प्रतिदिन मंदिर जाना उनकी दिनचर्या का हिस्सा है जोकि एक सच्चे सनातनी की पहचान है और ऐसे बच्चे का सम्मान करना गर्व की बात है।इस अवसर पर अनुज मदान ने कहा कि बच्चों में धर्म प्रति संस्कार देना उनको अपने इतिहास प्रति जागरूक करना हमारा प्रथम कर्तव्य बनता है और जो कहते है कि बच्चे विदेशी कल्चर अपना रहे है तो इसमें भी हमारी तरफ से कमी है कि हम अपने बच्चों को अपनी संस्कृति से भली भांति से परिचित नही करा पाये।

अनुज मदान ने कहा कि धर्यवान और गुणवान धरती के किसी भी कौने में क्यू न चला जाये अपने धर्म का सदैव निष्ठा से निर्वाह करता है।

**एक्सपो**

## पद्मश्री ओंकार सिंह पाहवा बोले-एक्सपो से मजबूत होता है मैन्युफैक्चरिंग इकोसिस्टम

# राइडइंडिया एक्सपो का भव्य समापन, आखिरी दिन उमड़ी रिकॉर्ड भीड़

रविंदर | लुधियाना
समर न्यूज़

राइडइंडिया एक्सपो का समापन रविवार को बेहद सफल और उत्साहपूर्ण माहौल में हुआ। प्रदर्शनी के आखिरी दिन बड़ी संख्या में विजिटर्स और इंडस्ट्री प्रोफेशनल्स की मौजूदगी ने आयोजन की लोकप्रियता और सेक्टर में बढ़ती रुचि को साफ तौर पर दर्शाया। एक्सपो में आधुनिक प्रोडक्ट्स, नई टेक्नोलॉजी और इनोवेशन की व्यापक रेंज देखने को मिली, जबकि बेहतर लेआउट और सुचारू मैनेजमेंट के लिए भी आयोजन की जमकर सराहना हुई।

कैबिनेट मंत्री तरुणप्रीत सिंह सोंध ने प्रदर्शनी का दौरा किया और आयोजकों की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन मैन्युफैक्चरर्स और ट्रेडर्स को खरीदारों से जोड़ने का प्रभावी मंच प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि औद्योगिक विकास को गति देने, इनोवेशन को बढ़ावा देने और लोकल मैन्युफैक्चरिंग को सशक्त करने में ऐसी प्रदर्शनियों की अहम भूमिका है, साथ ही यह उभरते ब्रांड्स को भी बेहतर पहचान दिलाती हैं।

बीजेपी प्रवक्ता प्रीतपाल सिंह बालीवाल ने भी एक्सपो का अवलोकन किया और एग्जिबिटर्स से बातचीत करते हुए उनके प्रयासों और प्रोडक्ट्स की गुणवत्ता की सराहना की। इस अवसर पर जतिंदर मित्तल चेयरमैन, यूसीपीएमए एस. हरसिमरजीत सिंह लकी, प्रेसिडेंट यूसीपीएमए और एस. गुरमीत सिंह कुलार, प्रेसिडेंट फिको , सुधीर महाजन बदीश जिंदल, के. के. सेठ समेत कई प्रमुख गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। उन्होंने इंडस्ट्री के विभिन्न स्टेकहोल्डर्स को एक मंच पर लाने के लिए आयोजकों की प्रशंसा की।


मंत्री तरूणप्रीत के साथ मौजूद आयोजक। -समर न्यूज़

एवन साइकिल्स के चेयरमैन पद्मश्री ओंकार सिंह पाहवा ने राइडइंडिया एक्सपो के विजन और एग्जीक्यूशन की तारीफ करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन इनोवेशन, सहयोग और मार्केट विस्तार को बढ़ावा देते हैं, जिससे मैन्युफैक्चरिंग इकोसिस्टम मजबूत होता है। उन्होंने विशेष रूप से मैन्युफैक्चरर्स और उभरते ब्रांड्स के लिए इस मंच को बेहद उपयोगी बताया।

कई एग्जिबिटर्स ने एक्सपो के दौरान मिले शानदार रिस्पॉन्स पर संतोष जताया। उन्होंने बताया कि प्रदर्शनी ने उन्हें अपने नए प्रोडक्ट्स प्रदर्शित करने, बिजनेस इंक्वायरी हासिल करने और नए कस्टमर्स व डिस्ट्रीब्यूटर्स से जुड़ने का बेहतरीन अवसर दिया। एग्जिबिटर्स के अनुसार आखिरी दिन का फुटफॉल खास तौर पर उत्साहजनक रहा, जो सेक्टर में बढ़ती दिलचस्पी को दर्शाता है। वहीं विजिटर्स ने भी प्रोडक्ट्स की विविधता, प्रतिस्पर्धी विकल्पों और मैन्युफैक्चरर्स से सीधे संवाद के अवसर की सराहना की। कई आगंतुकों ने एक्सपो को जानकारीपूर्ण और सुव्यवस्थित बताते हुए कहा कि इससे उन्हें नए ट्रेंड्स और टेक्नोलॉजी की बेहतर समझ मिली।

राइडइंडिया एक्सपो के एमडी जी. एस. ढिल्लों ने सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रदर्शनी की सफलता एग्जिबिटर्स, वेंडर्स, पार्टनर्स और विजिटर्स के सामूहिक प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने कैबिनेट मंत्री, गणमान्य व्यक्तियों और इंडस्ट्री लीडर्स को उनके समर्थन के लिए धन्यवाद दिया तथा पद्मश्री ओंकार सिंह पाहवा के निरंतर मार्गदर्शन के लिए विशेष आभार जताया। उन्होंने कहा कि विजिटर्स की जबरदस्त प्रतिक्रिया आयोजकों को भविष्य में राइडइंडिया एक्सपो को और भी बड़े व बेहतर स्तर पर आयोजित करने के लिए प्रेरित करती है।

# श्री सिद्धि विनायक मंदिर में गणेश चतुर्थी पर भजन संध्या

लक्की भट्टी | लुधियाना
समर न्यूज़

श्री सिद्धि विनायक मंदिर चूहड़पुर रोड ,न्यू माया नगर हैबोवाल कला में श्री गणेश चतुर्थी के उपलक्ष्य में मंदिर की महिला संकीर्तन मंडली द्वारा भजन संध्या का आयोजन किया गया व् विधि विधान के साथ भगवान श्री सिद्धि विनायक की पूजा अर्चना की। भजन संध्या का आयोजन मंदिर प्रधान रविनंदन शर्मा के निर्देशानुसार मंदिर की महिला संकीर्तन मंडली की अध्यक्षता में किया गया।मंदिर के आचार्य पंडित कमल किशोर व पंडित विजय शर्मा ने विधि विधान के साथ भगवान बप्पा की पूजा अर्चना की।महिला संकीर्तन मंडली द्वारा भगवान बप्पा दरबार के समक्ष अपने भजनो के माध्यम से हाजिरी लगाई। इस अवसर पंडित आचार्य कमल किशोर ने भक्तों को मासिक श्री गणेश चतुर्थी का महत्व बताया। आरती उपरन्त भजन संध्या को विराम दिया गया। इस अवसर पर महिला मंडली द्वारा भक्तों को प्रसाद बांटा गया। भजन संध्या पर विशेष रूप से अटवाल परिवार भगवान श्री सिद्धि विनायक जी के दरबार में नतमस्तक हुए व् मंदिर कमेटी को श्री मदभागवत का निमंत्रण दिया। सोनिया रविनंदन शर्मा ने कहा कि हर माह श्री गणेश चतुर्थी पर मंदिर की महिला संकीर्तन मंडली द्वारा भजन संध्या का आयोजन किया जाता है तांकि धर्म का प्रचार हो और हम सभी अपने धर्म के जुड़ कर अपनी संस्कृति को पहचाने और युवा पीढ़ी को जागरूक करें।

ग्रुप एडिटरः अर्शदीप सिंह, एग्जीक्यूटिव एडिटर : चंदन स्वप्निल*, मुद्रक, प्रकाशक, इंप्रेशन प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग लिमिटेड, प्लॉट- 22, औद्योगिक क्षेत्र, फेज-2, पंचकूला। आरएनआई पंजीकरण संख्याः CHMUL/25/A1155
*इस अंक में प्रकाशित सभी समाचार पीआरबी के चयन एवं संपादन हेतु हैं। अधिनियम के अंतर्गत सभी उत्तरदायित्व और उससे उत्पन्न सभी विवाद लुधियाना न्यायालय के अधीन होंगे। वर्ष 1 अंक 155